मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, गुरुवार, 6 मार्च 2025
संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 7 - मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 181, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ आखिर कैसे रुकेगा निजी अस्पतालों में मरीजों का शोषण
तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा का हुआ ब्रेकअप ◀◀ 6

# जब एक साथ 32 हाथी नेशनल हाइवे करने लगे क्रॉस, ठिठक गए राहगीर

## जिले में 32 हाथियों ने जमा रखा है डेरा

मेट्रो रेज

**गिरिडीह :** जिले में एक बार फिर से 32 हाथियों का झुंड पहुंच गया है। हाथियों के अचानक आये झुंड से ग्रामीणों में डर का माहौल है। हाथियों का झुंड इन दिनों पीरटांड और मुफस्सिल थाना इलाके में विचरण कर रहा है। हाथियों के झुंड द्वारा कुछेक स्थानों पर नुकसान भी पहुंचाया गया है। हाथियों के कारण अभी जिले के गिरिडीह, पीरटांड, डुमरी, सरिया एवं बिरनी प्रखंड के कई गांव के लोग डरे हुए हैं। क्षेत्र में विचरण के दौरान हाथियों का झुंड एक समय मुफस्सिल इलाके के जसपुर होते हुए पीरटांड के चम्पानगर के इलाके में पहुंचा। यहां के बाद देर शाम में हाथियों का झुंड गिरिडीह - डुमरी पथ नेशनल हाइवे ( 114 ए ) को क्रॉस करने लगा। अचानक हाथियों को सड़क पर देखकर राहगीर ठिठक गए। वाहनों का पहिया थोड़ी देर के लिए थम सा गया। हालांकि इस दौरान रेंजर एसके रवि के नेतृत्व में वन विभाग की टीम डटी रही। हाथी जब नेशनल हाइवे को क्रॉस कर सुरक्षित तरीके से कुम्हरगड़िया जंगल में पहुंच गए तब जाकर वन विभाग की टीम को शांति मिली।



### फसलों को नुकसान, जंगल में डेरा

वैसे तो हाथियों का झुंड दिनभर जंगल में रह रहा है लेकिन शाम होने के बाद भोजन की तलाश में झुंड के सदस्य जंगल से बाहर निकल रहे हैं। इस दौरान गेहूं की फसल को हाथी चट कर जा रहे हैं। दो दिनों पूर्व हाथियों द्वारा मुफस्सिल थाना इलाके के जसपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम तेरखा और बलहो में गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया है, जबकि चहारदीवारी तोड़ी है। यहां किसान मंटू मंडल, सुधीर मंडल, लच्छू देवी, खेलूं मंडल, विनोद मंडल, निरंजन मंडल और रंजीत मंडल की फसल को क्षति पहुंचाया गया है। इसी तरह बुधवार की रात सिंदवरिया क्षेत्र में फसल को नुकसान पहुंचाने की खबर है।

### झुंड पर पैनी नजर: रेंजर

वहीं, इस मामले में रेंजर एसके रवि ने बताया कि 32 हाथियों का झुंड गिरिडीह में डेरा जमाकर बैठा हुआ है। झुंड अभी जंगल में ही है। जिसकी वजह से उन पर वन विभाग की टीम नजर बनाए हुए है।

# मधुमक्खियों के हमले से तीन गंभीर

मेट्रो रेज

**हजारीबाग :** जिले में मधुमक्खियों के हमले से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें पति-पत्नी और एक स्थानीय व्यक्ति शामिल हैं। घटना दारू थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोय की है।

**मधुमक्खियों के झुंड का अचानक हमला:** जानकारी के मुताबिक श्यामसुंदर प्रसाद और उनकी पत्नी रूबी देवी समेत एक अन्य व्यक्ति मधुमक्खी के हमले से बुरी तरह घायल हो गए। श्यामसुंदर प्रसाद और उनकी पत्नी रूबी देवी स्कूटी से स्कूल की ओर जा रहे थे। तभी अचानक रास्ते में झाड़ी से मधुमक्खियों का झुंड निकला और उन पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों के चेहरे, सिर, हाथ सहित शरीर के कई भागों में डंक लग गया। इसी क्रम में एक अन्य स्थानीय युवक पर भी मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के हमले को देख स्थानीय लोगों ने घायलों को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया, जहां डॉक्टर ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया।



**मधुमक्खियों के डंक से शरीर में संक्रमण फैलने की संभावना:** मौके पर पहुंचे सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि मधुमक्खियों के डंक में जहर होता है। जिससे शरीर में संक्रमण फैलने की संभावना रहती है। मधुमक्खी का शहद जितना मीठा होता है उनका दंश उतना ही घातक होता है। मधुमक्खी अगर डंक मार दे तो उस जगह पर सूजन आ जाती है। मधुमक्खी के डंक मारने पर डॉक्टर से संपर्क करके तुरंत इलाज जरूरी होता है।

# पीओके हमें वापस मिलते ही कश्मीर समस्या का समाधान हो जायेगा : जयशंकर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर को उनकी हाजिर जवाबी के लिए जाना जाता है। अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों के दौरों पर वह पत्रकारों को भी एकदम सटीक जवाब देते रहे हैं। ब्रिटेन में एक थिंकटैंक के कार्यक्रम में उन्होंने पाकिस्तानी पत्रकार को कश्मीर के मसले पर जो जवाब दिया, उससे उसकी बोलती ही बंद हो गई।

निसार नाम के पाकिस्तानी पत्रकार ने सवाल पूछा था, कश्मीर का मसला सुलझ नहीं रहा है। भारत ने कश्मीर पर अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है। डोनाल्ड ट्रंप के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के साथ दोस्ताना रिश्ते हैं। क्या इन रिश्तों का इस्तेमाल करके पीएम नरेंद्र मोदी कश्मीर की समस्या का हल निकाल सकते हैं। कश्मीर में 70 लाख लोग हैं और उन पर कंट्रोल करने के लिए 10 लाख सैनिक तैनात हैं।

पाकिस्तानी पत्रकार का इतना सवाल था कि फिर एस जयशंकर ने जवाब देना शुरू किया और निसार की बोलती ही बंद हो गई। उन्होंने दोटूक कहा कि कश्मीर के मसले का हल हम लगभग निकाल चुके हैं। इस दिशा में हमने कदम भी उठाए हैं। पहला यह कि आर्टिकल 370 हटाया जा चुका है। इसके अलावा दूसरा कदम यह है कि हमने आर्थिक ग्रोथ के लिए भी कदम उठाए हैं। इससे जम्मू-कश्मीर का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि तीसरा कदम सोशल जस्टिस का है। एस जयशंकर ने कहा कि अब कश्मीर में किसी भी तरह के सामाजिक अन्याय के लिए जगह नहीं है। इस तरह हमने जम्मू-कश्मीर के मसले को लगभग सुलझा लिया है। अब वही हिस्सा बचा है, जिसे पाकिस्तान ने अवैध कब्जे से ले रखा है। पाकिस्तान उस हिस्से को लौटा दे तो पूरे मसले का ही हल हो जाए। जयशंकर के इस दोटूक जवाब के पाकिस्तानी पत्रकार चुप हो गया, जबकि वह मौजूद ऑडियंस देर तक तालियां बजाती रही।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# लंबे समय तक लिव इन में रहकर महिला नहीं लगा सकती रेप का आरोप



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लंबे समय तक लिव इन में रहने के बाद महिला अपने साथी पर बलात्कार का आरोप नहीं लगा सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म केस की सुनवाई के दौरान फैसला सुनाया है। खास बात है कि दोनों एक दशक से ज्यादा समय तक साथ रहे थे। अदालत ने इसे रिश्तों में खटास आने का मामला करार दिया है। साथ ही अपीलकर्ता पुरुष को आपराधिक कार्यवाही से राहत दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि कोई महिला लंबे समय तक (यहां 16 साल) लिव-इन रिश्ते में रहती है, तो बाद में अपने साथी पर बलात्कार का आरोप नहीं लगा सकती। कोर्ट ने कहा कि महिला और आरोपी के बीच 16 साल तक का संबंध रहा, जिससे यह सिद्ध होता है कि शारीरिक संबंध सहमति से और बिना किसी बाधा के बने रहे।

महिला का तर्क था कि आरोपी ने शादी का वादा करके उन्हें फंसाया, लेकिन इतने लंबे समय तक संबंध में रहने से यह आरोप कमजोर पड़ जाता है। अदालत ने यह माना कि दोनों के बीच रिश्ते में धीरे-धीरे खटास आ गई थी, न कि जबरदस्ती या धोखे का मामला। इन तथ्यों के आधार पर, आरोपी को आपराधिक कार्यवाही से राहत दी गई।

# पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस पर पथराव, उपद्रवियों ने एसी बोगी के शीशे तोड़े, 2 यात्री घायल

**पटना :** पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन पर बुधवार रात कुछ उपद्रवियों ने जमकर पथराव किया। इस हमले में एसी बोगी के शीशे टूट गए। वहीं 2 यात्री भी गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रेन पर अचानक हुए हमले के कारण यात्रियों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, घटना पटना-गया रेलखंड पर स्थित तारेगना स्टेशन के पास हुई। बताया जा रहा है कि टिकट चेकिंग के दौरान कुछ यात्रियों की ट्रेन पर सवार आरपीएफ के दो जवानों के साथ नोंक झोंक हो गई। इसके बाद उपद्रवियों ने वैक्यूम मारकर ट्रेन रोकी और पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस पत्थरबाजी की घटना में 2 यात्रियों को गंभीर चोटें आई है। घायल हुए लोगों में एक युवक प्रवीण कुमार और एक वृद्ध व्यक्ति शामिल हैं, जिनकी पहचान जहानाबाद के निवासी के रूप में हुई है। वहीं, ट्रेन में तैनात स्कॉर्ट पार्टी के जवानों ने घटना की जानकारी रेलवे पुलिस को दी। तारेगना रेलवे थाना अध्यक्ष ने बताया कि पत्थर फेंकने वालों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। उधर, यात्रियों का आरोप है कि ट्रेन में मौजूद आरपीएफ के जवान मूकदर्शक बन नजारा देखते रहे। आग्रह करने पर भी आरपीएफ के जवानों ने उपद्रवियों को पकड़ने की कोशिश नहीं की।

# ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत, एक गंभीर

एजेंसी

**सिरोही :** राजस्थान के सिरोही जिले के आबूरोड सदर थाना क्षेत्र के किवरली के पास गुरुवार तड़के करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा में छह लोगों की जान चली गई। हादसा तब हुआ जब एक कार में 7 लोग सवार होकर अहमदाबाद से जालोर जा रहे थे। तभी किवरली के पास कार एक ट्रक से जा टकराई।

मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सिरोही रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ गोमाराम, सदर थानाधिकारी दर्शनसिंह, एसआई गोकुलराम, हैड कांस्टेबल विनोद और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की।

सीओ गोमाराम ने बताया कि कार सवार अहमदाबाद से जालोर जा रहे थे। जब उनकी कार नेशनल हाइवे 27 पर किवरली के पास आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। कार में सात लोग सवार थे, जिनमें से चार की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। एक महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज सिरोही भेज दिया गया। हेड कांस्टेबल विनोद लाम्बा ने बताया कि वह रात के समय गश्त पर थे। किवरली से आगे जाने पर जबरदस्त दुर्घटना की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद वह दो मिनट में मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों और एंबुलेंस को सूचना दी। ट्रक में फंसी कार को बाहर निकालने के लिए क्रेन को बुलाया गया और करीब 40 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला जा सका।



सभी मृतक जालोर जिले के निवासी थे। वे अहमदाबाद से जालोर लौट रहे थे, जब उनकी कार ट्रक से पीछे से टकरा गई।

सीओ गोमाराम ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह घटना सुबह 3 बजे की है। ट्रक और कार के बीच दुर्घटना हुई। मृतक सभी जालोर जिले के रहने वाले थे और अहमदाबाद से जालोर जा रहे थे।

# हाइटेंशन तार की चपेट में आने से एक ही परिवार के 3 लोगों सहित 4 की मौत

**नवादा :** बिहार में नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से एक महिला और उसके दो बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पेड़ गिरने से टूटा था हाई टेंशन तारः पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक यात्री बस राजगीर से खिजरसराय रोड की तरफ जा रही थी। राजीव नगर के समीप राजगीर-खिजरसराय मार्ग पर एक पेड़ गिरने के चलते हाई टेंशन बिजली तार टूट कर गिरा हुआ था। बस खड़ी होने के बाद यात्री नीचे उतरे थे। इस दौरान एक महिला अपने बच्चों के साथ गुजरने लगी और करंट की चपेट में आ गई। उन्हें बचाने के लिए ट्रक चालक निकला, वह भी करंट की चपेट में आ गया। इस घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की मौत अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई। बच्चों के साथ मायके से ससुराल जा रही थी महिला : सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी पिंटू राजवंशी की पत्नी गौरी देवी तथा उनके दो बच्चे अनु कुमार ( 03) और कार्तिक कुमार (दो ) तथा गया जिले के ही मोहडा थाना क्षेत्र के अरई गांव निवासी ट्रक चालक संजीत पासवान के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि महिला अपने बच्चों के साथ मायके से ससुराल जा रही थी तभी ये हादसा हुआ।

# बदला मौसम का मिजाज, गढ़वा में सबसे ज्यादा ठंड, 2 दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड में कभी गर्मी तो कभी ठंड का खेल जारी है। मार्च की शुरूआत में राज्य में गर्मी इस कदर हो गई थी कि तापमान 39 डिग्री पहुंच गया था, लेकिन अब राज्य में मौसम फिर बदल गया है।

सुबह और शाम में चलेगी ठंडी हवाः मौसम विभाग के मुताबिक देश के उत्तरी हिस्से में हुई बर्फबारी और बारिश के कारण झारखंड का मौसम बदला है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि इस दौरान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आएगी जबकि उसके बाद तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम शुष्क बना रहेगा। सुबह और शाम कनकनी का एहसास होगा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिन तक न्यूनतम तापमान 14 से 17 डिग्री के बीच रहने वाला है। अधिकतम तापमान 29-31 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। दोपहर में धूप और कनकनी महसूस होगी। सुबह और शाम में ठंडी हवा चलेगी।



बीते 24 घंटे में झारखंड में सबसे अधिक तापमान बहरागोड़ा का रहा। यहां का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सबसे कम तापमान गढ़वा में 13.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

# चान्हो में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

मेट्रो रेज

### पुरानी दुश्मनी में घटना को दिया अंजाम

**रांची :** चान्हो थाना क्षेत्र के चामा में बुधवार की देर रात दो लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। मृतकों की पहचान राजेंद्र यादव और महेश के रूप में हुई है। दोनों चान्हो थाना क्षेत्र स्थित एक आश्रम में रहा करते थे। इसी दौरान अज्ञात बंदूकधारी ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि दो लोगों की हत्या की गई है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया है।

# उत्तराखंड के हर्षिल पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उत्तराखंड के मुखवा में मां गंगा के शीतकालीन निवास स्थान पर पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी थे, जिन्होंने देहरादून के जॉली ग्रांट हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मुखवा में बर्फ से ढके पहाड़ों की अद्भुत सुंदरता का भी आनंद लिया और वहां मौजूद लोगों का अभिवादन किया। राज्य के मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा मुखीमठ को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने और राज्य की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। सीएम धामी ने कहा, मुखवा में इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनकर हम सभी गौरवान्वित हैं। समस्त प्रदेशवासियों की ओर से यशस्वी प्रधानमंत्री जी का देवभूमि उत्तराखंड के शीतकालीन प्रवास पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन। प्रधानमंत्री मोदी ट्रेक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे और हरसिल में एक सार्वजनिक समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। अपने दौरे से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य में पर्यटन को विकसित करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, देवभूमि उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी सिलसिले में कल सुबह करीब साढ़े नौ बजे मुखवा में मां गंगा की पूजा-अर्चना करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके बाद हर्षिल में अपने परिजनों से संवाद करूंगा। प्रधानमंत्री ने मुखवा मंदिर की अपनी यात्रा के बारे में भी उत्साह व्यक्त किया, जो अपने आध्यात्मिक महत्व और अद्भुत सुंदरता के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है।

न्यूज ब्रीफ

## गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध के बाद प्रशासन अलर्ट, छापेमारी जारी



रांची : राज्य में बढ़ते नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के निर्देश पर पूरे राज्य में निकोटिनयुक्त गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रतिबंध लागू होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

प्रशासन की सख्ती, जगह-जगह छापेमारीः गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध के बाद प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। रांची जिले में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और कोटपा 2003 के तहत जांच दल लगातार छापेमारी कर रहा है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपर बाजार, महावीर चौक, मारवाड़ी कॉलेज एवं लेक रोड जैसे प्रमुख स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 22 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिनमें से 7 खाद्य प्रतिष्ठान थे।

मिठाई, पेड़ा, लड्डू, बुंदिया, गाजा जैसी खाद्य सामग्रियों की जांच की गई और दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने एवं अखाद्य रंगों का उपयोग न करने की सख्त चेतावनी दी गई। खाद्य लाइसेंस नहीं दिखाने पर तीन दुकानों को नोटिस जारी किया गया, जबकि कोटपा अधिनियम 2003 के उल्लंघन पर संबंधित दुकानदारों से कुल 1400 का जुमार्ना वसूला गया।

दुकानदारों को कड़ी चेतावनीः निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य सामग्री विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिया गया कि वे निकोटिनयुक्त गुटखा और पान मसाला का विक्रय न करें। यदि किसी दुकान में प्रतिबंधित पदार्थ की बिक्री पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन, टोबैको कंट्रोल सेल के डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट सुशांत कुमार, खाद्य सुरक्षा कार्यालय के कर्मी शिवनंदन यादव एवं सजल श्रीवास्तव के साथ कोतवाली थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल भी शामिल थे।

## दहेज प्रताड़ना मामले में आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**चान्होः** थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के कालो नगर निवासी विशाल कुमार, पिता नरेंद्र नायक, को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।इस मामले को लेकर पीड़िता के परिजनों ने 2 सितंबर 2023 को चान्हो थाना में विशाल कुमार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया था कि विशाल अपनी पत्नी से दहेज की मांग करता था और उसे प्रताड़ित करने के लिए लगातार मारपीट करता था। दहेज के दबाव और हिंसा से परेशान होकर पीड़िता अपने ससुराल को छोड़कर मायके आकर रहने लगी।

मामले की जांच के बाद बीती रात चान्हो पुलिस ने जशपुर पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर विशाल कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया। बुधवार को उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



खलारीः सीसीएल कर्मी महेन्द्र कुमार मोहन नगर निवासी की पुत्री 21 वर्षीय अनु कुमारी ने कल अपने माइन्स क्वाटर 359 में घर की छत के पाइप में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार महेंद्र कुमार और उनकी पत्नी सीसीएल केंदीय अस्पताल डकरा मे इलाज कराने आये थे । जब वे इलाज करा कर घर पहुंचे तो देखा कि घर का दरवाजा बंद था । आवाज देने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला । तब उनके बड़े बेटे ने चारहदीवारी फांद कर पीछे का मेन दरवाजा खोला । अंदर जाकर देख तो उनकी बेटी घर की छत के पाइप में दुपट्टा लगाकर फांसी पर लटकी हुई थी । आनन- फानन में उसे केंद्रीय अस्पताल डकरा पहुंचे । जहां डॉक्टरों ने जांच पड़ताल कर उसे मूत घोषित कर दिया।

## मंईयां योजना पीढ़ी दर पीढ़ी को बेहतर करने वाली योजना : चमरा लिंडा



रांची : झारखंड विधानसभा बजट सत्र के आठवें दिन प्रश्नकाल में गढ़वा से बीजेपी विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने विधवा, दिव्यांग, रसोईयां और स्वास्थ्य सहियाओं को भी मंईयां योजना का लाभ देने का मामला उठाया.

इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मंईयां योजना पीढ़ी दर पीढ़ी को आगे बढ़ाने वाली योजना है. उन्होंने कहा कि मंईयां योजना को विधवा या वृद्धा पेंशन से तुलना नहीं की जा सकती है. मंईयां योजना के पैसे से कुपोषण को रोका जा रहा है. इससे बच्चों के स्वास्थ्य और एजुकेशन बेहतर हो रहा है. साथ ही यह पलायन को भी रोक रहा है. लेकिन वृद्धा पेंशन में इस तरह की संभावनाएं नहीं है. मंत्री चमरा लिंडा ने उदाहरण देते हुए कहा कि आदिवासियों में कुपोषणा का मामला अधिक है. मंईयां योजना के पैसे से मां और बच्चे दोनों के कुपोषण को रोका जा सकेगा. वहीं स्वास्थ्य पर बात करते हुए कहा कि मां के पास पैसा होगा तो वो अपने बच्चों का इलाज करा पायेगी. एजुकेशन पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि अगर एक मां अपने बच्चे को पढ़ाना चाहती है तो यह तभी संभव है, जब उसके पास पैसा होगा.

चमरा लिंडा ने कहा कि मंईयां योजना के पैसे से पीढ़ी दर पीढ़ी को बेहतर करने वाली योजना है. इस योजना से राज्य में व्यापक परिवर्तन आयेगा. आने वाले कल में झारखंड से गरीबी, कुपोषण और स्वास्थ्य बेहतर होगा. विधवा या वृद्धा पेंशन एकल योजना है. लेकिन मंईयां योजना का पैसा पूरे समाज के लिए है. एक महिला अगर बेहतर होगी तो पूरा समाज बेहतर होगा. लेकिन एक पुरुष बेहतर होता तो सिर्फ उसका घर बेहतर होता है.

सीएम ने प्रशिक्षु अधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र, कहा

# युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने को सरकार प्रतिबद्ध

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 49 प्रशिक्षु अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया और कहा कि उनकी सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि ये अधिकारी युवाओं के कौशल को बढ़ाएंगे और उन्हें रोजगार दिलाने में मदद करेंगे।

'युवाओं का कौशल बढ़ाएं नियुक्ति पाने वाले अधिकारी': यहां प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा, सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे भरोसा है कि आज नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अधिकारी युवाओं के कौशल को इस तरह से बढ़ाएंगे कि उन्हें रोजगार पाने में मुश्किल नहीं होगी।

जीवन का अहम हिस्सा बनता जा रहा एआई': मुख्यमंत्री ने कहा, तकनीकी तेजी से बदल रही है और ऐसे में अगर आप अपने कौशल को समय के अनुसार नहीं ढालते हैं, तो आप बहुत पीछे रह जाएंगे। सोरेन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर किसी के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा, अब हम खुद को एआई से दूर नहीं रख सकते। युवाओं को एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है, जिसके लिए आईटीआई के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जाना चाहिए।



सोरेन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आज परियोजना भवन में नवचयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुआ। पिछले वर्ष सितंबर माह में 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया था। आप सभी नवचयनित युवाओं और आपके परिवार को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।'

हुनरमंदों को रोजगार के लिए नहीं भटकना पड़ेगा': उन्होंने लिखा, 'आप सभी सरकार के अंग के रूप में चयनित हुए हैं। आईटीआई के छात्र मुझसे क्षेत्र भ्रमण के दौरान मिलते रहते थे। उनके लिए शिक्षक और प्रशिक्षक का आभाव देखने को मिलता था। उसी कड़ी में आप सभी का चयन हुआ है, ताकि आप बच्चों को बेहतर शिक्षा और हुनर प्रशिक्षण दें। पूरी दुनिया में आज हुनर का मोल है। अगर आप हुनरमंद हैं तो आपको कहीं भी रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

## कॉल गर्ल्स सार्विस के नाम पर ठगी कर रहे साइबर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### 08 मोबाइल, 08 सिम, 15 एटीएम, 03 आधार कार्ड, 02 पैन कार्ड, 02 वोटर कार्ड एवं नगद बरामद



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को 04 मार्च 2025 की रात्रि में गुप्त सूचना प्राप्त हुई की तिलैया थानान्तर्गत सूभाष चौक के पीछे एक मकान में कुछ लड़के कमरा किराये पर लेकर मोबाइल के माध्यम से विभिन्न लोगों को कॉल गर्ल्स सार्विस के नाम पर कॉल कर लड़की उपलब्ध करने के नाम पर ऑनलाईन के माध्यम् से पैसा की ठगी किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह के निदेर्शानुसार पु. नि. सह प्रभारी विनाय कुमार, तिलैया थाना के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सुभाष चौक स्थित एक मकान में छापामारी की गई। घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि छापामारी के दौरान एक साईबर अपराधी संजीत कुमार उम्र 21 वर्ष, पिता सुरेश साहू, ग्राम मुण्डरो थाना बगोदर, जिला गिरिडीह को गिरफ्तार किया गया. तथा टीम के द्वारा मकान की तालाशी ली गई, इस दौरान पकड़ाये अपराधी के पास रूम से 08 मोबाईल, 08 सिम कार्ड, 15 ए.टी.एम., 03 आधार कार्ड, 02 पैन कार्ड, 02 वोटर कार्ड एवं 12500 रुपए नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मी से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि ये एवं अपने अन्य साथी के साथ मिलकर मोबाईल के माध्यम से भॉइस चेंजर से लड़की का आवाज निकाल कर लोगो को फसाते थे. तथा लड़की उपलब्ध कराने के लिए रजिष्ट्रेशन के नाम पर तथा लड़की उपलब्ध कराने के नाम पर फोन के माध्यम से पैसे की मांग कर ठगी करते थे। विडियो चैट कर अश्लील विडियो चलाकर दूसरे व्यक्ति का स्क्रीनरिकॉडिंग एवं स्क्रीनशॉट लेकर ब्लैकमेल कर पैसा मांगवाते थे। इस संबंध में तिलैया थाना में कांड संख्या ओर विभिन्न धारा दर्ज किया गया है। वहीं छापेमारी दल में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, पु.अ.नि. रंजित राय, एवं सशस्त्र बल एवं पेंथर तिलैया थाना शामिल थे।

## सावित्री सुंदर ट्रस्ट का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

मेट्रो रेज संवाददाता

कोडरमाः जिले के डोमचांच प्रखंड के बगडो पंचायत भवन में दिन बुधवार को सावित्री सुंदर ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में सदर अस्पताल के अनुभवी एमबीबीएस चिकित्सक डॉ अरुण कुमार मुख्य रूप से अपना योगदान दिया. साथ ही सैकड़ो मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर मरीजों को इस बदलते मौसम में कई टिप्स भी दिए। साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवा भी मुहैया कराया गया जिससे आम जनों के चेहरे पर खुशी देखी गई। वहीं ट्रस्ट सचिव संदीप कुमार ने डॉ अरुण कुमार को लोगो के प्रति समर्पित सेवा ओर सहयोग देने के प्रति शुभकामनाएं देते हुए आभार जताया। उन्होंने बताया कि मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर निरंतर जारी रहेगा। शिविर के दौरान बदलते मौसम में बढ़ती बीमारी को लेकर मरीजों ओर आमजनों को जागरूक भी किया गया। शिविर में सदर अस्पताल कोडरमा डॉ अरुण कुमार, सावित्री सुंदर ट्रस्ट संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष रजनीकांत पाण्डेय, मीडिया प्रभारी किशोर राणा, बागडो मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव, पंचायत समिति सदस्य विजय प्रसाद, सहिया दीदी माधुरी देवी के साथ पत्रकार बंधु व अन्य मौजूद थे।

## आरपीएफ ने लावारिस हालत में 21 बोतल अंग्रेजी शराब किया बरामद

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** प्रभारी निरीक्षक कोडरमा दीपक कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक, ओम प्रकाश सिंह आरक्षी/जीतेन्द्र कुमार-1, आरक्षी/ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह तथा महिला आरक्षी/किरण कुमारी के द्वारा कोडरमा रेलवे स्टेशन पर विभिन्न स्थानों से लावारिस हालत में अंग्रेजी शराब की बरामदगी की गई जिसका विवरण इस प्रकार है। (1) कुल 06 अदद रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 एमएल एवं कीमत 740/ रुपए, (2) कुल 10 एक्यूक्यू रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की जिसमें प्रत्येक की क्षमता 375 एमएल एवं कीमत 370 रुपए (3) 04 अदद स्टर्लिंग रिजर्व बी7 जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 एमएल व कीमत 740 रुपए 01 एक्यूक्यू जिसकी क्षमता 750 एमएल एवं कीमत 950 रुपए अंकित पाया गया। उपरोक्त सभी विभिन्न स्थानों से



बरामद लावारिस हालत में शराब की बोतलों को जप्त कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। जप्त सभी अंग्रेजी शराब की कुल क्षमता 12000 एमएल तथा कुल कीमत 12050/ रुपए आँका गया। बरामद सभी शराब को उत्पाद विभाग कोडरमा सुपुर्द कर दिया गया।

## सांसद ने पीसीसी पथ और चबूतरा निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**मुरीः** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ ने शिलान्यास के दौरान क्षेत्र के ग्रामीण से मिले और सिल्ली मंडल के हलमाद शक्ति केंद्र में 400 फीट का पीसीसी का आधारशिला रखें । एवं डुमरटांड और लोवाडीह में चबूतरा निर्माण का अलग से शिलान्यास किया। लगभग सभी योजनाओं की लागत दस लाख के है। इस तरह के कार्य से ग्रामीणों जनता खुश थे। अपने एवं क्षेत्रीय समस्या के हल के लिए आग्रह किया। हाथी की आतंक को लेकर सांसद को जानकारी दी गई। बालू उठाव चेकोसेरेंग के ग्रामीण प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

## विवाहिता से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार ,भेजा गया जेल

**चान्होः** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बलराम मुंडा को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी बलराम मुंडा, निवासी नुन्हु गांव, पिता विजय मुंडा, ने यह जघन्य अपराध 2 मार्च की शाम को अंजाम दिया। पीड़िता शाम करीब 7:30 बजे अपने घर के बाहर बने टॉयलेट में गई थी, तभी बलराम ने उसे जबरदस्ती पकड़कर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकाया कि यदि उसने किसी को बताया तो जान से मार देगा। डर के कारण पीड़िता ने दो दिनों तक चुप्पी साधे रखी, लेकिन 4 मार्च को साहस जुटाकर चान्हो थाना में बलराम मुंडा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई।

प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और पीड़िता को सुरक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ उचित कानूनी सहायता दी जा रही है।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में किड्स विंग के वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन

मेट्रो रेज संवाददाता

कोडरमाः बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में किड्स विंग के वार्षिक खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन किया गया। किड्स विंग में क्लास नर्सरी केजी 1 केजी 2 और क्लास 1 के विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग लिए। नर्सरी से कक्षा 1 तक के छात्रों के विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।समापन समारोह का आयोजन विद्यालय की प्राचार्या राखी राय, निदेशक ओपी राय तथा उपप्राचार्य नवल किशोर तथा एडमिनिस्ट्रेटर सुनील कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मौके पर किड्स के नन्हे बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया जो उपस्थित अभिभावकों के मन मोह लिया।एनुअल स्पोर्ट्स का समापन स्पोर्ट्स इंचार्ज आलम उद्दीन के नेतृत्व में हुआ वहीं सभी प्रतिभागियों ने स्पॉट्स टीचर्स अंशु राज एवं किड्स के शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न कराया गया। वहीं विद्यालय की शिक्षिकाएं नीतू बर्नवाल, जया लक्ष्मी, अनीता बर्नवाल, संध्या कुमारी, कामना सिन्हा, सरोजिनी डुंगडुंग, रुखसार शगुफ्ता, फूल कुमारी, आरती कुमारी, संध्या सिन्हा, तथा शिक्षक अजय कुमार यादव, रौशन कुमार, अमित



कुमार, आलम उद्दीन एवं पी. टी. शिक्षक अंशु राज का सहयोग सराहनीय रहा।कार्यक्रम का संचालन प्रियंका सलूजा ने किया, जिन्होंने अपनी शानदार एंकरिंग से माहौल को जीवंत बनाये रखा। खेल प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न स्पधाओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया।नर्सरी कक्षा में कोन गेम में अंशिका कुमारी प्रथम, प्रतिभा कुमारी द्वितीय और सौम्या रजक तृतीय स्थान पर रहीं। फ्रॉग रेस में प्रीतम कुमार ने पहला, जानवी कुमारी ने दूसरा और अनिक गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बिस्किट रेस में श्रेयांश कुमार ने पहला, शिवांगी कुमारी ने दूसरा और आरव कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। कप रेस (गर्ल्स) केजी 1 में दिव्यांशी कुमारी प्रथम, आस्था कुमारी द्वितीय और साक्षी कुमारी व नैना कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। मैथ रेस (बॉयज) केजी 2 में अफान बरी प्रथम, रितिक कुमार द्वितीय और अर्जुन कुमार व युग कुमार तृतीय स्थान पर रहें।

मैथ रेस (गर्ल्स) केजी 2 में स्मृति कुमारी प्रथम, सोनम कुमारी द्वितीय और प्रियांशी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 1 अ के छात्रों के बीच भी जोरदार प्रतिस्पर्धा रही। थ्री लेग रेस में वर्धान कुमार और रोहित कुमार की जोड़ी प्रथम रही, आर्यन कुमार और सनी कुमार द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि रिशु कुमार और देवराज कुमार तीसरे स्थान पर रहे। ब्लाइंड रेस में यमन राज ने पहला, युवराज कुमार ने दूसरा और आरव-युवराज तीसरा स्थान प्राप्त किया। सैक रेस (बॉयज) में देवराज कुमार प्रथम, शिरोमणि कुमार द्वितीय और युवराज कुमार तृतीय स्थान पर रहे। थ्री लेग रेस में श्रेयांश और हिमांशु प्रथम, आर्यन राज और अंश राज द्वितीय, जबकि लकी राणा और आरव राज तृतीय स्थान पर रहे। इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें आए हुए अभिभावकों के लिए भी मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। विशेष रूप से, उपस्थित महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर्स गेम का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं के रूप में अनुराधा गुप्ता ने पहला स्थान प्राप्त किया, रीता कुमारी दूसरे स्थान पर रहीं, और हनी कुमारी ने तीसरा स्थान एवं प्रीति कुमारी चौथे स्थान हासिल किया जिसे विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ राखी राय ने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही की खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, जो हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करते हैं। खेल हमें अनुशासन, संघर्ष, और टीमवर्क की भावना सिखाते हैं। खेलों के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ और मजबूत बना सकते हैं। विद्यालय के वार्षिक खेल प्रतियोगिता के इस आयोजन ने बच्चों के साथ- साथ अभिभावकों को भी रोमांच और उल्लास से भर दिया। समापन समारोह में विद्यालय के सैकड़ों अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग के मल्टी पर्पस वर्कर को मुख्यमंत्री ने होली व रमजान का दिया तोहफा

# मानदेय में 5 हजार की वृद्धि ,एरियर भी मिलेगा

संवाददाता

**रांची:** स्वास्थ्य विभाग के एमपीडब्ल्यू यानी कि मल्टी पर्पस वर्कर के लिए खुशखबरी है। हेमंत सरकार ने इस विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के मानदेय में 5 हजार रुपये की वृद्धि की है।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इसकी घोषणा की है। स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा के बाद अब एमपीडब्ल्यू कर्मियों को 26,000 रुपये की जगह 30,100 और 30,300 मानदेय मिलेगा। इस संबंध में डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि यह घोषणा होली और रमजान की खुशी दोगुनी कर देगी। सभी कर्मचारी जान हथेली पर रखकर जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह



वेतन वृद्धि नहीं बल्कि उनके अद्वितीय योगदान को सलाम करने का एक प्रयास है। वहीं, एमपीडब्ल्यू कर्मियों का कहना है कि लंबे समय से वेतन बढ़ोतरी और सेवा स्थायी करने की मांग कर रहे थे। हम सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हैं। सरकार के इस निर्णय से हमें निरंतर बेहतर काम करने का उत्साह मिलेगा।

दरअसल, स्वास्थ्य निदेशालय ने बीते साल 27 सितंबर 2024 को मानदेय में 5,000 रुपये बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया था। सबसे बड़ी बात यह है कि इसका लाभ एक सितंबर 2024 की तिथि से ही मिलेगा। ऐसे में इन स्वास्थ्य कर्मियों को एरियर का भुगतान किया जाएगा। बता दें कि हाल ही में हेमंत सरकार ने झारखंड राज्य आवासीय बोर्ड के कर्मियों के डीए में बढ़ोतरी करने का भी निर्णय लिया। इन कर्मियों के कुल 3 फीसदी बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर सहमति मिल चुकी है।

### रिम्स के रोजमर्रा के खर्च का भुगतान रुका

**रांची:** रिम्स में डिप्टी डायरेक्टर फाइनेंस का स्थानांतरण हो गया है, जिससे रोजमर्रा के खर्च (दवा, उपकरण और अन्य सुविधा के मद का) का भुगतान रुक गया है। रिम्स को सप्लाई करने वाले एजेंसी परेशान है। एजेंसी कई दवा और सामान की सप्लाई में टालमटोल कर रही है। हालांकि रिम्स प्रबंधन द्वारा नये डिप्टी डायरेक्टर के नियुक्त होने तक डीन डॉ शशिबाला सिंह को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है, बावजूद परेशानी बरकरार है। डॉ शशिबाला सिंह का हस्ताक्षर ट्रेजरी में नहीं गया है, जिससे रिम्स द्वारा चेक जारी नहीं किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि 19 फरवरी के बाद यह पद खाली है। रिम्स पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया कि ट्रेजरी में हस्ताक्षर भेजने की प्रक्रिया चल रही है। एक-दो दिन में समस्या का निवारण हो जायेगा। हॉस्टल में फर्नीचर सप्लाई करने वाली एजेंसी भी परेशानः रिम्स के हॉस्टल में फर्नीचर की सप्लाई करने वाली एजेंसी का भुगतान रुका पड़ा है।

# झारखंड में 34.23 लाख घरों को उपलब्ध कराया गया नल जल कनेक्शनः मंत्री

संवाददाता

**रांची:** झारखंड के आबकारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने विधानसभा में बताया कि राज्य में जल जीवन मिशन के तहत कुल 34.23 लाख घरों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

राज्य में योजना की धीमी प्रगति पर विधानसभा में भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रसाद ने कहा कि केंद्र से धनराशि का भुगतान न होने से परियोजना प्रभावित हो रही है। प्रसाद ने कहा, हमने जल जीवन मिशन के तहत अब तक 62,55,684 घरों के लक्ष्य के मुकाबले 34,23,562 घरों में नल का पानी उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि इस योजना की समयसीमा दिसंबर 2024 थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर दिसंबर 2028 कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि योजना की प्रगति धीमी रही है, क्योंकि केंद्र से



धनराशि का भुगतान नहीं हुआ है। लगभग 6,500 करोड़ रुपये का भुगतान केंद्र से बाकी है, जबकि उपयोग प्रमाणपत्र पहले ही जमा कर दिए गए हैं।

मंत्री ने कहा कि केंद्र द्वारा धनराशि जारी किए जाने के बाद परियोजना का काम तेज किया जा सकेगा। भाजपा विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में इस योजना के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार हुआ है। प्रसाद ने इस आरोप को खारिज कर दिया। कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उन ग्रामीणों के मुद्दे को उठाया, जो विभिन्न कंपनियों द्वारा अधिग्रहित भूमि पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ऐसी कंपनियों के प्रबंधन से बात करेगी ताकि इन लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा सकें।

# झारखंड को आज मिल जाएगा नेता प्रतिपक्ष!

### नेता प्रतिपक्ष चुनाव के लिए भूपेंद्र और लक्ष्मण पर्यवेक्षक

संवाददाता

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव को लगभग तीन महीने से ज्यादा का समय हो चुका है, इसके बाद भी अब तक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं कर पाई है। इसी बीच सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि आज शाम को बीजेपी विधायक दल की बैठक के बाद विधायक दल के नेता के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

**रेस में बाबूलाल मरांडी का नाम सबसे आगेः** बताया जा रहा है कि आज बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी। बैठक में विधायक दल के नए नेता का चयन किया जाएगा। इसके लिए पार्टी नेतृत्व ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद डॉ के लक्ष्मण को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ये दोनों



नेता आज शाम रांची पहुंचेंगे और बैठक में शामिल होंगे। वहीं, बीजेपी के विधायक दल के नेता पद के लिए कई नाम चर्चा में हैं। प्रमुख दावेदारों में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक सीपी सिंह और धनबाद के विधायक राज सिन्हा का नाम शामिल हैं। वहीं, पार्टी के अंदर यह भी चर्चा है कि बीजेपी ओबीसी वर्ग से किसी को यह जिम्मेदारी दे सकती है। ऐसे में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव और हटिया विधायक नवीन जायसवाल के नाम भी सामने आ रहे हैं, लेकिन रेस में बाबूलाल मरांडी का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। बता दें कि पहले नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी थे, लेकिन चंदनकियारी सीट पर चुनाव हारने के बाद उन्हें अपने पद से हाथ धोना पड़ा। जब से ही भाजपा नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं कर पाई है। विधायक दल के नेता की घोषणा में हो रही देरी पर सत्तारूढ़ दल लगातार बीजेपी पर लगातार हमलावर हैं। प्रदेश में बजट सत्र की शुरूआत भी हो चुकी है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं हो पाया है। सत्तारूढ़ दल के नेताओं का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष नहीं होने से संवैधानिक पदों पर नियुक्ति में देरी हो रही है और इसके लिए पूरी तरह से बीजेपी जिम्मेदार है। उनका आरोप है कि बीजेपी पिछले 3 महीनों से इस मामले को जानबूझकर लटका रही है।

### राज्यपाल ने की झारखंड होमगार्ड व अग्निशमन विभाग खेल प्रतियोगिता की शुरूआत,कहा-

# प्रतियोगिता के माध्यम से जवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड होमगार्ड एवं अग्निशमन विभाग खेल प्रतियोगिता 2025 का गुरुवार को आगाज हो गया। राज्यपाल संतोष गंगवार ने खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

रांची के धुर्वा स्थित होमगार्ड ग्राउंड पर गुरुवार से तीन दिवसीय झारखंड होमगार्ड और अग्निशमन खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का आगाज हो गया है। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि के रूप भाग



लिया। खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत होमगार्ड जवानों के बेहतरीन परेड के द्वारा शुरू की गई।

इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने जवानों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हर पुलिस के लिए बेहद जरूरी है प्रतियोगिता के माध्यम से जवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है साथ ही साथ एक दूसरे जवानों को एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का सामना करने का भी मौका मिलता है। झारखंड के होमगार्ड जवानों और अग्निशमन विभाग के जवानों का हौसला बढ़ाते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि दोनों ही फोर्स बेहद कठिन परिस्थितियों में काम करती है। अग्निशमन रास्ते में शामिल हमारे जवान अपनी जान पर खेलकर आग पर काबू पाते है। ऐसे जवानों के हक की आवाज हमेशा उठाई जाती है हर तरह की सुविधा देने का प्लान भी तैयार किया गया है। खेलकूद प्रतियोगिता में इस वर्ष लगभग 450 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं प्रतियोगिता में 10 खेलों का आयोजन किया गया है, जिनमें एथलीट्स, फुटबॉल और वॉलीबॉल भी शामिल है। तीन दिनों तक यह प्रतियोगिता चलेगा जिसमें जवानों को अपने खेल का हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। इस मौके पर मौजूद डीजी होमगार्ड अनिल पालटा ने बताया कि इस तरह के आयोजन हमारे जवानों के लिए बेहद आवश्यक है। हमारे जवान बेहद कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं ऐसी प्रतियोगिताएं उनके लिए बेहद जरूरी है।

# महंत श्री जन्मेजय शरण जी महाराज का डीएवी शिक्षा दीप परिवार ने किया भव्य स्वागत

मेट्रो रेज

रांचीःआज श्री श्री 108 राम जन्मभूमि न्यास बोर्ड (रसीक पीठाधीश्वर) के महंत जन्मेजय शरण जी महाराज एवं उनके टीम में उपस्थित नंदलाल कोठारी, आचार्य रमेश देव पौराणिक जी का रांची जयप्रकाश नगर स्थित डी.ए.वी.शिक्षा दीप विद्यालय में निदेशक शिवनंदन पाठक के अध्यक्षता में भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में मुख्यरूप से विद्यालय के संस्थापिका नीलम देवी,संरक्षक ब्रजेश कुमार पाठक,संयुक्त निदेशक



प्रभास गौरव,अविनाश गौरव,प्रवक्ता कुणाल कौशल,प्राचार्य आलोक कुमार, कलावती स्कूल आफ नर्सिंग के प्रशासनिक पदाधिकारी विश्वदीपक पांडे एवं छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,वात्सल्य प्ले स्कूल के प्राचार्य गिनी मैडम सहित सुधा देवी,सुतापाटीशू,अक्षय मिश्रा,प्रदीप ठाकुर आदि आदि मौजूद थे। मौके पर महंत जन्मेजय शरण जी ने विद्यालय परिवार के लोगों के मंगलमय जीवन के लिए आशीर्वचन एवं आने वाली होली की शुभकामनाएं दी।विदित हो महंत जन्मेजय जी महाराज के द्वारा रांची पिस्कामोड़ वेस्टेंड पार्क स्थित विद्यानंद पाठक जी के आवासीय परिसर मे मानस पाठ की कथा सुनाई जा रही है।

# भव्य व हर्षोल्लास के साथ मना पंच मंदिर का पहला वर्षगांठ

मेट्रो रेज

**रांची :** अरगोड़ा पुंदाग सिमान वार्ड नंबर 36 पीपर टोली नागड़ा ढीपा तारा नगर आवासीय परिसर स्थित पंच मंदिर में सुबह 8:30 बजे से पंच मंदिर तारा नगर के प्रथम वर्षगांठ वार्षिक समारोह कार्यक्रम का शुरूआत हुई । वर्षगांठ काफी भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वार्षिक वर्षगांठ समारोह पंच मंदिर तारा नगर में 6 मार्च दिन गुरुवार को मुख्य प्रधान पुजारी पंडित रवि पांडेय जी , पंच मंदिर तारा नगर के पुजारी पंडित रवि शंकर पांडेय जी, एवं पंडित प्रत्यूष पाण्डेय जी अपने अन्य सहयोगी पुजारीयो एवं 7 जजमान अपने अपने अर्धांगिनी के साथ सुबह 8: 30 बजे विधि विधान से कलश, बेदी पूजन से पूजा आरंभ कर पूर्वाह्न 11 बजे महास्नान श्रृंगार पूजन, मंत्रोच्चारण पाठ,महाआरती, हवन दीप के बाद महाप्रसाद वितरण किया,जो निरंतर



उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के बीच जारी रहा। भोग प्रसाद वितरण की व्यवस्था गुमला निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी जगलाल साहु एवं दिलीप नाथ साहु ने अपने सहयोग में स्वेच्छा से कराया जिसे पूरे रांची महानगर में उनकी इस दरियादिली उदगार को लेकर काफी चचाएं हुई। 3 बजे अपराह्न से रांची झारखंड के मशहूर ब्राह्मण जागरण दल द्वारा श्री सुंदर काण्ड पाठ की संजीतमय प्रस्तुति भक्तों माताओं बुजुर्गो बहनों के बीच प्रस्तुत की गई। मंदिर संचालन समिति के वरीय संरक्षक चितरंजन सिंह के सौजन्य से संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक जागरण कराया गया जिसमें भक्ति संगीत की मशहूर कलाकार खुशबू रानी एवं गणेश गोलू जी की जुगल जोड़ी द्वारा भक्ति संगीत में सभी उपस्थित श्रोतागण अमृत वर्षा से अपने दिलों को भींगा कर अपने आपको भाग्यशाली महसूस कर रहे थे। इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में महीनों दिन से कड़ी मेहनत कर तन मन धन से मंदिर संचालन समिति के मुख्य संरक्षक बीरेंद्र साहु, चितरंजन सिंह , छोटन सिंह, जयलाल चौधरी, विवेक कुमार,अध्यक्ष सुबोध कुमार, सचिव श्रीनिवास,कोशाध्यक्ष अमित अग्रवाल , सतीश सिन्हा,अशोक साहु, शशिभूषण प्रसाद, श्यामसुंदर सिंह, गौरीशंकर प्रसाद,नंदन तिवारी, संजय चौधरी, संजय पाल, प्रो रत्नेश चिरंजीवी,सिद्धार्थ सिंह, गोपाल महतो, सुजीत सागर,टूनू , दिनेश प्रसाद, विनय श्रीवास्तव, विजय साहु,राजेश्वर नायक, रामबाबू चौधरी, रामेंद्र सिन्हा,अनुराग पाण्डे, रंजन कुमार, डा शौरव, अशोक शर्मा,साकेत कुमार, रमेश झा,कुमुद झा, नीरज भदानी, प्रमोद झा,जैसे अन्य लोगों के साथ ही माताओं ,बुजुर्गो व बहनों ने अपने- अपने स्तर से आयोजन में महत्पूर्ण भूमिका निभाई । कार्यक्रम में अगल बगल के सभी मंदिर संचालन समिति, विभिन्न धार्मिक स्थलों के पदाधिकारियों, मंदिर निर्माण कराने में सम्मानित दानदाताओं,स्थानीय समाजसेवियों को मंच पर शॉल एवं चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### रमजान में छुट्टी के फैसले पर बोले सांसद निशिकांत

# 'झारखंड को इस्लामिक राज्य घोषित करने का समय आ गया', मचा बवाल

संवाददाता

रांचीः रमजान माह की शुरूआत हो चुकी है। उत्साह के साथ इस माह को मनाने की तैयारी है, लेकिन यह झारखंड में राजनीतिक मुद्दा भी बन चुका है। कारण है राज्य की हेमंत सरकार द्वारा रमजान माह में मुस्लिम कर्मचारियों को छुटी देने का निर्णय। जिसके बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इसके खिलाफ बयान दे दिया है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने हेमंत सरकार के इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि समय आ गया है, झारखंड को इस्लामिक राज्य घोषित कर देना चाहिए ।

क्या है निर्णयः दरअसल, रमजान शुरू होने के अंतर्गत राज्य सरकार ने एक फैसला लिया है। जिसमें मुस्लिम कर्मचारियों को रोज एक घंटे पहले



छुट्टी का आदेश जारी हुआ है। वहीं, रमजान महीने के हर शुक्रवार को जुमे की नमाज के दिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक छुट्टी मिलेगी। इसी फैसले के बाद पक्ष-विपक्ष में तीखी प्रतिक्रिया हो रही है।

**निशिकांत दुबे को कैलिफोर्निया का सांसद होना चाहिएः** इसी कड़ी में हेमंत सोरेन के मंत्री इरफान अंसारी ने पलटवार करते हुए कहा कि निशिकांत दुबे को कैलिफोर्निया का सांसद होना चाहिए। इरफान अंसारी ने आगे तंज कसते हुए कहा कि निशिकांत दुबे की मानसिक हालत ठीक नहीं लग रही है। रमजान एक पवित्र महीना है, जैसे हिंदू समाज के लिए श्रावण माह की अहमियत है, ठीक वैसे ही मुसलमान वर्ग के लिए रमजान बेहद महत्वपूर्ण है।

रांची विधायक ने कसा तंजः इधर, इरफान अंसारी के बयान पर रांची विधायक सीपी सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि इरफान अंसारी को पाकिस्तान का विधायक होना चाहिए। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सरकार को भेदभाव नहीं करना चाहिए। अगर रमजान में मुस्लिम कर्मचारियों को छुट्टी दी गई है तो होली में हिंदू कर्मचारियों को भी छुट्टी मिलना चाहिए। बता दें कि इस फैसले को लेकर विधानसभा में भी गहमागहमी देखने को मिली।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/34/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDSPL/SD/HZB/34/03/2024-25 | बड़कागांव | बड़कागांव प्रखण्ड के ग्राम चपरी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपरी का चहारदिवारी निर्माण। | 2492100.00 | 49900.00 | 5000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.03.2025 से दिनांक 26.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –27.03.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 347883 (Rural Development) 24-25 (D)

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## अनिवार्य है यह आजादी

**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को दो अलग-अलग मामलों में जो कहा, वह अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। कम से कम अब तो पुलिस को स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म समझना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस बात का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है। इनमें से एक मामला कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से जुड़ा था। उनकी एक कविता पर गुजरात पुलिस ने ऋक्ष्म दर्ज की थी। गुजरात हाईकोर्ट ने भी इस मामले में जांच की जरूरत बताते हुए पुलिस कार्रवाई की पुष्टि की थी। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी मायने रखती है कि एफआईआर दर्ज करने से पहले संबंधित अधिकारियों को कविता पढ़नी चाहिए थी। कविता नफरत और हिंसा की नहीं, इंसाफ और इश्क की बात करती है। रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े अश्लीलता के आरोपों पर भी सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित लेकिन धारदार टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि न तो अश्लीलता के लिए कोई गुंजाइश छोड़ी जानी चाहिए और न ही इसे अभिव्यक्ति की आजादी की राह में आने देना चाहिए। रणवीर इलाहाबादिया को पॉडकास्ट जारी रखने की इजाजत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह नैतिकता और अश्लीलता की सीमा को लांघने की गलती न करें। सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया से जुड़े मंचों के दुरुपयोग पर चिंता से सहमति जताते हुए भी सेंसरशिप और नॉर्म (मानदंड) के बीच के फर्क को रेखांकित किया। उसका कहना था कि सरकार को इस संबंध में गाइडलाइंस लाने चाहिए, लेकिन ऐसा करते हुए यह भी ध्यान में रखना जरूरी है कि वे अभिव्यक्ति की आजादी पर गैरजरूरी पाबंदियों का रूप न ले लें। सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रुख की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह ऐसे समय सामने आया है जब देश में दोनों तरह का विचलन काफी बढ़ा हुआ दिख रहा है। जहां सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ी है, वहीं शासन प्रशासन की ओर से इन्हें रोकने की कोशिशों में भी अक्सर अति-उत्साह की झलक मिलती है। इससे नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन होता है। शीर्ष अदालत ने याद दिलाया है कि इस अधिकार का ख्याल रखा जाए।

## तमिलनाडु में भी उठी हिंदी समर्थक आवाज

**संस्कृति का** उपादान और उसके नैरंतर्य का जरिया होने की वजह से भाषाएं उन लोगों के लिए भावनात्मक मुद्दा होती हैं, जो उन्हें प्राथमिक जुबान के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने राजनीतिक फायदे के लिए तमिलनाडु की इसी भावना का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन अब हिंदी के समर्थन में तमिलनाडु के भीतर से ही आवाज उठने लगी है। श्रीधर वेंबु तमिल माटी के ही सपूत हैं, इंटरनेट, सॉफ्टवेयर और कारोबार की दुनिया में उनकी कंपनी जोहो का डंका बज रहा है। यही श्रीधर वेंबु खुलेतौर पर कहने लगे हैं कि आइए हम हिंदी सीखें। हिंदी ना जानने की वजह से हो रही कारोबारी दुश्वारियों को वे समझ रहे हैं, इसीलिए वे ना सिर्फ हिंदी सीख रहे हैं, बल्कि इसकी मुनादी भी कर रहे हैं। श्रीधर ने ट्वीटर पर जब हिंदी सीखने की अपील की तो इसे स्टालिन की भाषायी राजनीति के जवाब के तौर पर देखा जाने लगा। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा के सम्मान के नाम पर वह तमिल भावनाओं को उभारने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वे कभी हिंदी को साम्राज्यवादी बताते हैं और जब हिंदी पर यह आरोप साबित नहीं हो पाता तो वह हिंदी पर यह आरोप लगाने से भी पीछे नहीं हटते कि अपने हृदय प्रदेश की बोली-बानियों और छोटी भाषाओं के अस्तित्व को उसने निगल लिया है। स्टालिन का यह कहना कि हिंदी ने भोजपुरी, अवधी, अंगिका आदि भाषाओं के अस्तित्व को नष्ट कर दिया है, उसी आरोपबाजी का विस्तार है। जबकि हकीकत यह है कि हिंदी ने अपने हृदय प्रदेश की किसी भी भाषा के अस्तित्व को कोई चोट नहीं पहुंचाई है। उलटे हिंदी इन भाषाओं के बीच संपर्क भाषा के रूप में काम कर रही है। वह उन भाषाओं से शब्दों को लेकर समृद्ध भी हो रही है। अवधी, भोजपुरी, बैसवाड़ी या ब्रजभाषी जब अपने भाषा समुदाय से दूर के लोगों से मिलतें हैं, उनके सहज संवाद की भाषा हिंदी होती है। इस संवाद प्रक्रिया में वह हर भाषा से कुछ शब्द लेती है, उन्हें दोनों के बीच के कड़ी के रूप में स्थापित करती है और इस तरह खुद भी समृद्ध होती है और अपनी बोली या उपभाषाओं को भी ताकतवर बनाती है। महात्मा गांधी ने तमिल और तेलुगू युवाओं से एक सौ सात साल पहले हिंदी सीखने की अपील की थी। उनके ही आह्वान पर 17 जन 1918 को एनी बेसेंट और रामास्वामी अय्यर ने दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। गांधी जी का सपना था कि तमिल और तेलुगू जैसे अहिंदीभाषी इलाकों के हिंदी को ना सिर्फ सीखें, बल्कि हिंदी को लेकर अपने राज्यों में माहौल बनाएं। गांधी जी का वह सपना सौ साल से अधिक वक्त के बाद सच होता नजर आ रहा है। श्रीधर वेंबू जैसे घोर तमिलभाषी व्यक्ति का हिंदी के समर्थन में सामने आना और उनके साथ तमिलनाडु ही नहीं, कर्नाटक, आंध्र, तेलंगाना आदि के लोगों का खड़ा होना मामूली बात नहीं है। हिंदी को लेकर तमिलनाडु के आम जन की जो छवि कम से कम उत्तर भारत में बनी है, तमिलनाडु से हिंदी के समर्थन में उठने वाली ये आवाजें उसे खंडित कर रही हैं। श्रीधर वेंबु जैसी महत्वपूर्ण स्वरों का हिंदी के समर्थन में उठना तमिलनाडु के आमजनों की कथित हिंदी विरोधी छवि का भी जवाब है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे आर्थिक विचारक एस गुरूमूर्ति तमिलनाडु के सामाजिक और राजनीतिक हलके की महत्वपूर्ण आवाज हैं। लेकिन हिंदी को लेकर तमिलनाडु में जो सामान्य धारणा रही है, उसकी वजह से हिंदी समर्थक उनके सुर को तमिल माटी में तवज्जो देने से बचा जाता रहा है। लेकिन श्रीधर वेंबु की आवाज और उनके समर्थन में सोशल मीडिया मंचों पर उमड़े युवा स्वरों ने गुरूमूर्ति की हिंदी समर्थक आवाज को ताकत दी है। गुरूमूर्ति भी खुलकर हिंदी विरोधी राजनीति के खिलाफ अपने तर्क दे रहे हैं और उन तर्कों को तमिलनाडु में ध्यान से सुना-पढ़ा जा रहा है। हिंदी का समर्थन करते हुए श्रीधर यह भी कह रहे हैं कि उनकी कंपनी का कामकाज तमिलनाडु की तुलना में दूसरे राज्यों में ज्यादा है। जहां उनकी कंपनी अपने तमिल अधिकारियों और प्रोफेशनल को भेजने में हिचकती है, क्योंकि वे दूसरे राज्यों में सहज संवाद विशेषकर जमीनी स्तर पर नहीं कर पाते। 1965 में तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलन हुआ था। उसकी वजह यह थी कि संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी को राजकाज की भाषा का स्थान लेने के लिए पंद्रह साल की अवधि 25 जनवरी 1965 को पूरी हो रही थी। तब क्षेत्रीय द्रविड़ राजनीति को हिंदी विरोध में अपनी राजनीतिक राह दिखी। तमिल उपराष्ट्रीयता को उन्होंने हिंदी विरोध के नाम उभारा और स्थानीय लोक को अपने पक्ष में लामबंद किया। इसकी वजह से भारत सरकार को हिंदी को राजकाज की भाषा बनाने के संवैधानिक आग्रह को अनंत काल के लिए कानूनी तौर पर टालना पड़ा। इन अर्थों में तमिलनाडु का हिंदी विरोधी आंदोलन सफल कहा जाएगा। उसी वक्त से तमिलनाडु के सरकारी विद्यालयों में त्रिभाषा फॉमूर्ला लागू नहीं है, जबकि तकरीबन समूचे देश में पढ़ाई के लिए त्रिभाषा यानी स्थानीय भाषा, हिंदी और अंग्रेजी की पढ़ाई की सुविधा लागू है। साल 2020 में आई नई शिक्षा नीति में फिर से प्राथमिक स्तर से ही त्रिभाषा फॉमूर्ला लागू करने की बात की गई है और स्टालिन का हिंदी विरोध इसी फॉमूर्ले के विरोध के साथ उभरा है।

# सार्थक भागीदारी के बिना कैसे हल होंगे आधी आबादी के मुद्दे

> वर्तमान नीतियाँ लचीली कार्य व्यवस्था प्रदान नहीं करती हैं, परिणामस्वरूप महिलाओं के लिए अपने पेशेवर और घरेलू जीवन को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई कार्यस्थल पॉश अधिनियम 2013 का अनुपालन नहीं करते हैं, क्योंकि पुरुष–प्रधान नेतृत्व अक्सर महिलाओं की सुरक्षा की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता को अनदेखा करता है।

**प्रियंका सौरभ**

हमारे देश में महिलाएँ जनसंख्या का लगभग 48% हिस्सा हैं, फिर भी वे लोकसभा सीटों के 15% से भी कम सीटों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके परिणामस्वरूप कार्यस्थल सुरक्षा, अवैतनिक देखभाल ज़िम्मेदारियाँ और आर्थिक अधिकार जैसे महिला मुद्दों की अनदेखी होती है। इस तरह का बहिष्कार पितृसत्तात्मक मानदंडों को बनाए रखता है। फिर भी, ऐसे भेदभाव को दूर करने, कानूनी सुरक्षा बढ़ाने और संवैधानिक अधिकारों की पुष्टि करने में न्यायिक कार्यवाही महत्त्वपूर्ण रही है, हालाँकि गहरी जड़ें जमाए हुए पूर्वाग्रहों को मिटाने में उनकी सफलता अभी भी चर्चा का विषय है। महिला प्रतिनिधित्व की कमी से मातृ अधिकारों का हनन होता है, जिसके परिणामस्वरूप कार्यस्थल पर भेदभाव होता है और पर्याप्त सहायता की कमी होती है। मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम 2017 सवेतन अवकाश प्रदान करता है, लेकिन निजी क्षेत्र में इसका कार्यान्वयन कम है, जो महिलाओं को कार्यबल में शामिल होने से हतोत्साहित करता है।

निर्णय लेने की प्रक्रिया से महिलाओं को बाहर रखने के कारण महिला सशक्तिकरण की कड़ी कमजोर होती है। इसके पीछे की वजहें हैं- लैंगिक पूर्वाग्रह और भेदभाव, कार्यस्थल संस्कृति, सामाजिक और पारिवारिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी न होना। इससे दायरा सीमित हो जाता है और इस सीमित दायरे में आने वाली चुनौतियों का सामना करना मुश्किल होता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय के मुताबिक, निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी ना केवल उनका अधिकार है, बल्कि यह सार्वजनिक निर्णयों में उनके हितों का सम्मान करने की अनिवार्य शर्त भी है। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा था कि लोकतंत्र का स्तर मूल रूप से महिलाओं के सशक्तीकरण पर निर्भर करता है। इस असमानता को कम करने के लिए शिक्षा के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाना, उत्पीड़न से मुक्त और सुरक्षित वातावरण बनाना, लड़कियों को जीवन कौशल सिखाना, हिंसा को खत्म करना पहली आवश्यकता है।

वर्तमान नीतियाँ लचीली कार्य व्यवस्था प्रदान नहीं करती हैं, परिणामस्वरूप महिलाओं के लिए अपने पेशेवर और घरेलू जीवन को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई कार्यस्थल पॉश अधिनियम 2013 का अनुपालन नहीं करते हैं, क्योंकि पुरुष-प्रधान नेतृत्व अक्सर महिलाओं की सुरक्षा की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता को अनदेखा करता है। इसके अतिरिक्त, नीतियाँ महिला उद्यमियों को समान ऋण और व्यावसायिक प्रोत्साहन प्राप्त करने में पर्याप्त रूप से सहायता नहीं करती हैं, जो उनके आर्थिक सशक्तीकरण को सीमित करती हैं। हालांकि न्यायालयों ने मातृ सुरक्षा को मजबूत करके लिंग-संवेदनशील कार्यस्थलों को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई है। 2024 में, सुप्रीम कोर्ट ने दो महिला न्यायाधीशों को बहाल किया, इस बात पर जोर देते हुए कि गर्भावस्था से सम्बंधित बर्खास्तगी दंडनीय और अवैध दोनों है, जिससे कार्यस्थल समानता को बढ़ावा मिलता है। न्यायिक निर्णयों ने महिलाओं के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए भेदभावपूर्ण धार्मिक प्रथाओं को भी उलट दिया है। उदाहरण के लिए, 2017 में शायरा बानो मामले ने ट्रिपल तलाक को अपराध घोषित कर दिया, जिससे मुस्लिम महिलाओं के वैवाहिक अधिकार सुरक्षित हो गए।

इसके अलावा, अदालतों ने हिंदू उत्तराधिकार कानूनों में पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रहों को चुनौती देते हुए समान उत्तराधिकार अधिकारों को बरकरार रखा है, जैसा कि 2020 में विनीता शर्मा बनाम राकेश शर्मा में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में देखा गया है, जिसमें पुष्टि की गई है कि बेटियों को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करें। प्रतिनिधित्व में सुधार के लिए चुनावों में महिला आरक्षण विधेयक को पूरी तरह से लागू किया जाना चाहिए। न्यायालयों को लिंग कानूनों के पालन की निगरानी और प्रवर्तन करने की आवश्यकता है, जिससे प्रभावी नीति कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। फास्ट-ट्रैक न्यायालयों को कार्यस्थल उत्पीड़न की घटनाओं के लिए त्वरित न्याय प्रदान करना चाहिए। नीतियों को महिलाओं के लिए वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और उद्यमिता समर्थन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए बड़े ऋण प्रदान करने के लिए मुद्रा योजना का विस्तार किया जाना चाहिए।

स्कूली पाठ्यक्रम में कम उम्र से ही पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने के लिए लिंग जागरूकता को शामिल किया जाना चाहिए। समानता-केंद्रित शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यपुस्तकों में लिंग-संवेदनशील सामग्री शामिल होनी चाहिए। कंपनियों के लिए गहन ऑडिट आयोजित करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे मातृत्व और उत्पीड़न विरोधी नियमों का अनुपालन करती हैं। कोई भी देश अपनी आधी आबादी को पीछे छोड़कर आगे नहीं बढ़ सकता। लिंग-संवेदनशील नीतियों को विकसित करने के लिए निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। उन्हें विधायी सुधारों, जमीनी स्तर पर शिक्षा और संस्थागत प्रवर्तन तंत्र द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक भागीदारी और कानूनी सुरक्षा को बढ़ाने से भारत के लिए वास्तव में न्यायसंगत और समावेशी शासन प्रणाली बनेगी। महिलाओं की आवाज, दृष्टिकोण और प्रतिनिधित्व की कमी को दूर करने के लिए, महिलाओं के नेतृत्व वाले संगठनों सहित महिलाओं की सार्थक भागीदारी और नेतृत्व को मानवीय कार्यवाही के सभी स्तरों पर बढ़ावा दिया जाना जरूरी है।

केवल महिला दिवस पर ही नहीं, हर रोज महिलाओं को लड़ाई लड़नी पड़ेगी इस बदलाव के लिए, अपने हकों के लिए। छोटी शुरूआत ही सही, लेकिन शुरूआत सबको करनी पड़ेगी। ये संघर्ष का सफर अंतहीन है। महिलाओं के लिए समान वेतन हो, उन्हें फॉर ग्रांटेड न लिया जाए। महिलाओं को अपने टैलेंट के दम पर काम मिले, उसे सराहा जाए, उसकी कद्र हो। घर और काम की जगह पर महिला होने के नाते सहानुभूति नहीं चाहिए सिर्फ. बराबरी चाहिए।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आखिर कैसे रुकेगा निजी अस्पतालों में मरीजों का 'शोषण'

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी है। भले ही बढ़ती आबादी के कारण सरकार को प्राइवेट अस्पतालों की मदद लेनी पड़ी, लेकिन इसमें मरीजों का शोषण नहीं होना चाहिए। हालांकि, निजी हॉस्पिटल्स में जिस तरह से कैशलेस इलाज का प्रचलन बढ़ा है, इस धंधे में बड़ी–बड़ी निजी कैशलेस चिकित्सा बीमा कम्पनियां सामने आयी हैं।

**कमलेश पांडेय**

चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय कोई सामान्य पेशा नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत जीवन और जनस्वास्थ्य से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें थोड़ी-सी भी लापरवाही किसी के जीवन पर भारी पड़ सकती है। वहीं, अपना या अपने परिवार का इलाज करवाने के चक्कर में यदि कोई व्यक्ति या परिवार लूट-पिट जाए तो यह भी प्रशासनिक नजरिए से अनुचित है। और ऐसे ही जरूरतमंद लोगों के पक्ष में सरकार और समाजसेवी संस्थाओं दोनों को अवश्य खड़ा होना चाहिए।

यही वजह है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय को सिर्फ कारोबारी लाभ के नजरिए से नहीं देखा जा सकता है, बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्व से जुड़ा हुआ विषय (पेशा) है, जिसे जनसेवा की भावना से किया जाए तो सरकार और संस्था दोनों को यश मिलेगा। भारतीय सभ्यता व संस्कृति तो शुरू से ही 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया' की पक्षधर रही है। लेकिन देश में लागू नई आर्थिक नीतियों से उपजी नैतिक व कानूनी महामारी के दौर में जीवन का हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है।

दुर्भाग्य है कि चिकित्सा पेशा भी इससे वंचित नहीं है। चर्चा है कि महज आर्थिक लाभ के उद्देश्य से चिकित्सक महंगी जांच और अनावश्यक दवाइयां लिख रहे हैं। जानलेवा ऑपरेशन करने और अंगों के कारोबार तक से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासनिक भ्रष्टाचार और न्यायिक जटिलताओं से ऐसे बहुत कम मामले हैं जो कोर्ट की दहलीज तक पहुंच पाते हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकारों से यह कहना कि वे प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों के 'शोषण' को रोकने के लिए उचित नीतिगत फैसला लें, देर आयद दुरुस्त आयद जैसा है। जनहित के इस सवाल पर राज्य सरकारों को तुरंत एक्शन में आना चाहिए।

दरअसल, एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि प्राइवेट अस्पतालों और उनकी फामेर्सी में एमआरपी से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। लिहाजा, कोर्ट ने इन अस्पतालों पर खुद से प्रतिबंध लगाने से इनकार किया और कहा कि ये संविधान में राज्य सूची का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें ही इस पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर सकती है। वही उचित गाइडलाइंस बना सकती हैं। इसमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिससे न तो मरीजों और उनके परिजनों का शोषण हो और न ही प्राइवेट अस्पतालों के कामकाज पर बेवजह प्रतिबंध लगे।

बता दें कि यह जनहित याचिका सिद्धार्थ डालमिया (कानून के छात्र) ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि 'उनकी मां को पिछले साल कैंसर हुआ था और वह अब ठीक हो चुकी है। लेकिन उनके इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पतालों में जबरन महंगी दवाएं खरीदनी पड़ीं। लिहाजा, इनकी गुहार है कि मरीजों और परिजनों को यह आजादी मिले कि वे अपनी पसंद की फामेर्सी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट आदि खरीद सकें। हालांकि, केंद्र ने कोर्ट में कहा है कि मरीजों पर विशेष फामेर्सी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट लेने की बाध्यता नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी है। भले ही बढ़ती आबादी के कारण सरकार को प्राइवेट अस्पतालों की मदद लेनी पड़ी, लेकिन इसमें मरीजों का शोषण नहीं होना चाहिए। हालांकि, निजी हॉस्पिटल्स में जिस तरह से कैशलेस इलाज का प्रचलन बढ़ा है, इस धंधे में बड़ी-बड़ी निजी कैशलेस चिकित्सा बीमा कम्पनियां सामने आयी हैं, उन्होंने अस्पतालों के पैनल जारी किए हैं, उससे एक संगठित लूट और इसी चक्कर में मानव स्वास्थ्य, जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ बढ़ा है। निजी अस्पतालों में तो चुपके चुपके नई नई दवाइयों का परीक्षण तक मानव शरीर पर हो जाता और किसी को भनक तक नहीं लगती। कुछ निजी अस्पताल व उनके डॉक्टर तो रक्त और मानव अंगों के अवैध कारोबार तक में शामिल हैं। ऐसे आरोप अक्सर मीडिया में उछलते रहते हैं। वहीं, जब से केंद्र सरकार गरीबों को आयुष्मान भारत कार्ड बनाने लगी है और 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देने लगी है, तब से नए नए घोटालों और अनैतिक करतबों की बाढ़ आ चुकी है। इन सबके दृष्टिगत सरकार भले ही एहतियाती कार्रवाई करती आई है, फिर भी निजी चिकित्सा सेवा प्रदाताओं में इन नियमों का खौंफ नहीं है। क्योंकि अक्सर चिकित्सक हड़ताल या दवा कारोबारी हड़ताल की धमकियां देकर हेल्थ सिंडिकेट से जुड़े लोग सरकार और प्रशासन को ब्लैकमेल कर लेते हैं। लेकिन सवाल फिर वही कि मानव स्वास्थ्य से खिलवाड़ कब तक।

मसलन, जिस तरह से सिजेरियन बेबी का प्रचलन समाज में बढ़ रहा है, उससे कामकाजी महिलाएं भी भरी जवानी में बर्बाद हो रही हैं। ऐसे ही कई अन्य अस्वास्थ्यकर प्रचलन समाज में बढ़े हैं। किंतु हमारा स्वास्थ्य प्रशासन जनहित के दृष्टि से उतना संवेदनशील नहीं बना है, जितना उसे होना चाहिए। अन्यथा मिलावटी खाद्य पदार्थ, मिलावटी दवाइयों की बिक्री की बात सामने नहीं आती। याचिकाकर्ता ने भी दिलचस्प घपले की ओर इशारा किया है, लिहाजा कोर्ट का निर्देश समयोचित है। राज्य सरकारें जितनी जल्दी जग जाएं, केंद्र सरकार भी यथोचित जांच एजेंसी बनाए, अन्यथा इस गोरखधंधे पर काबू पाना मुश्किल है। गंदा है पर धंधा है, वाला जुमला से चिकित्सा पेशा जितना दूर रहे, उतनी उसकी साख बची रहेगी।

**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# साईबाबा का व्रत करने से पूरी होती है हर मनोकामना



गुरुवार का दिन साईंबाबा को समर्पित होता है। साईं बाबा की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन यदि सच्चे मन से साईं बाबा को याद भी कर लिया जाए, तो वह आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी कर देते हैं। साईं बाबा के मंदिर में हर जाति और धर्म के लोग आकर नतमस्तक होते हैं। वहीं गुरुवार को साईंबाबा का व्रत भी किया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको साईंबाबा की पूजा और व्रत कथा के बारे में बताने जा रहे हैं। एक कोकिला नाम की महिला अपने पति महेश भाई के साथ गुजरात के एक शहर में रहती थी। वह दोनों एक-दूसरे के साथ प्रेम भाव से रहते थे। लेकिन कोकिला के पति का स्वभाव झगड़ालू था तो वहीं महिला धार्मिक स्वभाव की थी। कोकिला बहन हमेशा भगवान पर आस्था रखती थी। वहीं झगड़ालू स्वभाव का होने की वजह से उसके पति का धंधा समाप्त होने लगा था। वहीं घर में कमाने का दूसरा जरिया भी नहीं था। काम न होने की वजह से कोकिला बहन का पति दिनभर घर पर रहने लगा। इसी दौरान काम धंधा न होने पर उसके पति ने गलत राह पकड़ लिया। एक दिन दोपहर के समय कोकिला बहन के घर के बाहर आकर एक बुजुर्ग दाल-चावल मांगने लगा। तब कोकिला बहन ने बुजुर्ग को दाल-चावल देकर अपने दोनों हाथों से उन्हें नमस्कार किया। यह देखकर बुजुर्ग ने कहा कि साईं बाबा उसे सुखी रखें। यह सुनकर कोकिला बहन ने कहा कि शायद सुखी रहना किस्मत में नहीं है। फिर बुजुर्ग आदमी को कोकिला अपने दुख-दर्द बताने लगी। यह सुनकर बुजुर्ग व्यक्ति ने कोकिला को साईं बाबा का व्रत रखने को कहा।

बुजुर्ग व्यक्ति ने कहा कि साईं बाबा का व्रत करने से उनके सारे कष्ट दूर हो जाएंगे। साथ ही साईं बाबा का आशीर्वाद उनके घर पर हमेशा बना रहेगा। जिसके बाद कोकिला बहन ने 9 गुरुवार व्रत किया और बुजुर्ग व्यक्ति के बताए तरीके से सभी कार्य करने लगी। थोड़े दिन बाद कोकिला की बहन के घर में सुख-समृद्धि से भर गया। वहीं दोनों पति-पत्नी सुख-शांति के साथ फिर से अपना जीवन व्यतीत करने लगे। उसके पति का बंद काम फिर से चालू हो गया और महेश भाई का स्वभाव भी पहले से बिलकुल बदल गया। इसके बाद कोकिला बहन ने गरीबों को भोजन कराया और साईं बाबा की पुस्तकें भेंट दी।

फिर एक दिन कोकिला बहन की जिठानी उसके घर आई हुई थीं। इस दौरान जेठानी ने बताया कि उनके बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता है। इस वजह से बच्चे परीक्षा में फेल हो जाते हैं। तब कोकिला बहन ने अपनी जिठानी को साईंबाबा के व्रत के बारे में बताया। तब जेठानी ने कोकिला बहन के कहे अनुसार 9 गुरुवार साईंबाबा के व्रत किए। कुछ ही दिनों में बच्चों का पढ़ाई में मन लगने लगा और बच्चे अच्छे नंबरों से पास हो गए।

कुछ दिनों बाद सूरत से उनकी जेठानी का पत्र आया कि उनके बच्चे साईंव्रत करने लगे। साथ ही बहुत अच्छे तरह से पढ़ाई करते हैं। वहीं व्रत की किताबें जेठ के ऑफिस में दी थीं। फिर एक के बाद एक ऐसे कई अद्भुत चमत्कार हुए। हे साईं बाबा जैसे आप सभी लोगों पर प्रसन्न होते हैं, वैसे हम पर भी होना और हमेशा अपना आशीर्वाद बनाए रखना।

## सेहत

### रोजाना सुबह 2 भीगे हुए अंजीर खाने से सेहत को मिलते है जबरदस्त फायदे, हड्डियां होगी मजबूत

अंजीर को अंग्रेजी में फिग कहते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर फल है। इसके सेवन से हमारे शरीर में कई फायदे होते हैं। अंजीर में कई मुख्य पोषक तत्व होते हैं। इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, अंजीर में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, आयरन, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन एल जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो शरीर को हेल्दी रखता है। भिगोकर अंजीर के सेवन करने से बॉडी को मिलते ये फायदे।



**डायबिटीज नियंत्रित रखता** : अंजीर का सेवन करने से डायबिटीज को कंट्रोल करने में काफी मदद मिलती है। रात के समय 3–4 अंजीर भिगोकर रख दें, इसके बाद रोजाना सुबह इसके सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है।

**हीमोग्लोबिन बढ़ता है** : अंजीर एक अमृत फल है इसमें कई सारे पोषक तत्व पाएं जाते है। अंजीर में आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व होते हैं। रोजाना खाली पेट भीगे हुए अंजीर खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। अंजीर को आप दूध के साथ भी खा सकते हैं।

**कैंसर से लड़ता** : अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स होता है जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। प्रतिदिन सुबह भीगे हुए अंजीर के सेवन से खतरनाक बीमारियों से बचा जा सकता है।

**हड्डियां मजबूत होती** : अंजीर में कैल्शियम, पौटेशियम और मैग्नीशियम होता है जो हड्डियों को मजबूत करता है और सूजन को भी कम करता है। भीगे हुए अंजीर खाने से आपकी हड्डियां मजबूत बनेंगी।

पाचन तंत्र बेहतर होता है : अगर आप रोजाना भीगे हुए अंजीर का सेवन करते हैं तो पाचन संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। इसका सेवन करने से आंतों को पोषण मिलता है। क्योंकि इसमें घुलनशील फाइहर से भरपूर अंजीर पेट को साफ करता है और बॉडी को हेल्दी रखता है। आंतों की सेहत को दुरुस्त करने में अंजीर बेहद फायदेमंद होता है। कब्ज से राहत पाने के लिए खाली पेट 2 से 3 सूखे अंजीर का सेवन करें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## परीक्षा नियंत्रक को मिला छह माह का सेवा विस्तार

दुमका : एसकेएमयू दुमका के वर्तमान परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार साह को मिला राजभवन से मिला छह माह का सेवा विस्तार. विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार साह को राजभवन की ओर से छह माह का सेवा विस्तार दिया गया है। इस संबंध में राजभवन ने विश्वविद्यालय को मंगलवार को एक पत्र भेज दिया है। उक्त के आलोक में कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने मंगलवार को डॉ. साह का सेवा विस्तार सम्बन्धित अधिसूचना जारी कर दी है। प्राप्त आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय के वर्तमान परीक्षा नियंत्रक डॉ. साह को एक मार्च से अधिकतम छह माह अथवा जेपीएससी से नियमित नियुक्ति होने तक के लिए सेवा विस्तार दिया गया है। आपको बता दें कि डॉ. साह अर्थशास्त्र विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं और पिछले एक साल से विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. साह विश्वविद्यालय में कॉमर्स और सामाजिक विज्ञान के डीन, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष समेत महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

## भाला से मार कर गंभीर रूप से किया घायल

साहिबगंजः गंगा नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत घीशु टोला गोपालपुर सकरीगली निवासी राज कुमार चौधरी की 19 वर्षीय पत्नी भरती देवी को भाला मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।परिजनों ने आनन - फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां डॉ केशव कृष्णा ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। घायल भारती देवी ने बताया कि हमलोग खेत में काम कर रहे थे।तभी अचानक उपेंद्र चौधरी,टिंकू चौधरी,सिकंदर चौधरी आया और मेरे पति के साथ मारपीट करने लगा। वही हम बीच बचाव करने लगे तो उपेंद्र चौधरी ने भाला से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।किसी तरह जान बचाकर शिकायत के लिए गंगा नदी थाना पहुंचे जहां से इलाज के सदर अस्पताल भेज दिया। वही गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

## मारपीट में एक व्यक्ति घायल

साहिबगंज : गंगा नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलुआ टोली रामपुर निवासी दुर्गा सिंह 45 वर्ष पिता स्वर्गीय देवा राम सिंह को बगल के रहने वाले नागा सिंह,पत्नी संपतिया देवी एवं पुत्र अविनाश सिंह ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घायल दुर्गा सिंह ने बताया कि मैं अपने घर में था। वही बगल के रहने वाले नागा सिंह आया और मारपीट करना शुरू कर दिया।वही पीछे से नागा सिंह का पत्नी और पुत्र भी मारपीट करने लगा।जिससे मै गंभीर रूप से घायल हो गया।किसी तरह जान बचाकर शिकायत के लिए गंगा नदी थाना पहुंचे।जहां से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## विभाग से शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का किया आग्रह

**साहिबगंज :** प्राथमिक विद्यालय चैती दुर्गा के प्रभारी प्रधामध्यपक,नंद किशोर पंडित ने साहिबगंज प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को लिखित आवेदन पत्र देकर इस विद्यालय में एक शिक्षक का प्रतिनियुक्ति करने का मांग किया हैं।पत्र की प्रतिलिपि प्रखंड विकास पदाधिकारी,जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी साहिबगंज को इसकी सूचना दिया हैं।उन्होंने बताया कि एकल शिक्षक होने के कारण विद्यालय में शांति तरीके से शैक्षणिक कार्य करने में कठिनाई हो रही है।आगे बताया कि बीएलओ मतदान केंद्र संख्या 89 में भी प्रतिनियुक्ति की गई है।आने वाले नगर परिषद चुनाव 2025 में मतदान आधार पत्रक का विखंडन एवं निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य करना पड़ रहा हैं।जिससे बच्चों का अध्यापन कार्य सुचारू ढंग से नहीं हो पा रहा हैं।एकल शिक्षक होने से कार्य अधिकता बढ़ गई है।इसको देखते हुए एक शिक्षक का प्रतिनियुक्ति करने का अनुरोध किया है।

## बिंदुधाम मंदिर में रामनवमी मेला कमिटी का हुआ गठन

साहिबगंज/बरहरवाः-बुधवार को पतना प्रखंड ज बिंदुधाम मंदिर प्रांगण में पतना प्रखंड बिकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी की अध्यक्षता में बिंदुधाम रामनवमी मेला महोत्सव के सफल आयोजन हेतु मेला आयोजक कमिटी का गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया,पतना बरहरवा सहित स्थानीय सैकडो ग्रामीणों की उपस्थिति में सर्वसहमति से रामनवमी मेला कमिटी का गठन व विस्तारीकरण किया गया,जिसमें मेला संरक्षक के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल,बीडीओ सह अंचलाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी,रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह व दिनेश कर्मकार को चयनित किया गया,वहीं रामनवमी मेला प्रभारी के रूप में विशाल दास सह मेला प्रभारी गोविंदा मुर्मू ,स्वयं सेवक प्रभारी रोहित टुडू एवं कोषाध्यक्ष जय सोरेन को चयनित किया गया है,इस दौरान पतना बीडीओ कुमार देवेश द्विवेदी ने निर्देश दिया कि मेले में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटित हो इसके लिए मेला कमिटी पूर्ण रूप से तैयारी में जुट जाएं मेले में शराब इत्यादि की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी,पकड़े जाने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।मौके पर बिंदुधाम मंदिर कार्यकारी अध्यक्ष शक्तिनाथ अमन सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सभी अनुपस्थित कमीर्यों को स्पष्टीकरण पूछने का दिए निर्देश सिविल सर्जन




साहिबगंजःबोरियों प्रखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मदनशाही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालझारी के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर भगियामारी करनपुरातो व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालझारी का औचक निरीक्षण साहिबगंज सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा किया गया।निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन के द्वारा ओपीडी रजिस्टर उपस्थिति पंजी,पेशेंट वार्ड व अस्पताल में साफ -सफाई आदि को देखे।निरीक्षण के दौरान कुछ स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए।जिसे देख सिविल सर्जन काफी रोष प्रकट और सभी अनुपस्थित कमीर्यों को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिए की किन परिस्थितियों में आपलोग अनुपस्थित थे।सिविल सर्जन के द्वारा उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारामेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समय पर ड्यूटी आकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया।साथ ही सिविल सर्जन के द्वारा एमडीए कार्यक्रम का भी मॉनिटरिंग किया गया एवं उपस्थित एमडीए पर्यवेक्षक को एमडीए से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए और जहाँ जहाँ दवा बाँटा गया है वहाँ पर पुनः क्षेत्र भ्रमण करके दवा सामने खिलवाने को कहा गया।मौके पर सीएचओ,एएनएम व सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# हत्या मामले में दुमका पुलिस ने दो महिला समेत 7 लोगों को किया गिरफ्तार



मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मालभंडारो पंचायत के पकड़िया गांव में मंगलवार को डायन-बिसाही के शक में महिला की पिटाई और उसके पति बथन राणा पर जानलेवा हमला और बेटे नरेश राणा की पोल में बांधकर पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कारवाई की है। पुलिस ने एक ही परिवार की दो महिला समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के साथ दो छोटे बच्चे भी हैं।

आरोपियों को भेजा जेल

पुलिस ने गिरफ्तार सभी सात लोगों को बुधवार की शाम कोर्ट में प्रस्तुत कर उन्हें जेल भेज दिया। जेल जाने वालों में दीबु उर्फ दीपक मड़ैया, उनके पुत्र लालबाबू मड़ैया उर्फ चुन्नू मड़ैया, गुलाब मड़ैया, रवि मड़ैया और बबलू मड़ैया, गुलाब मडैय़ा की पत्नी अनीता देवी और लालबाबू मडैय़ा की पत्नी अंजली देवी शामिल हैं।

मृतक नरेश राणा की पत्नी ने कराई थी एफआईआर

मंगलवार को मृतक नरेश राणा की पत्नी कोइनावती देवी के बयान पर हत्या का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने रात को आरोपितों के घर पर दबिश दी। उस समय सभी नामजद आरोपित घर में थे। पुलिस को देखकर सभी आरोपित युवकों ने भागने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। पांचों पुरूष के अलावा हत्याकांड में शामिल घर की दो महिलाओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों महिलाओं के साथ उनके दो बच्चे भी हैं। हत्या में प्रयुक्त लोहे की छड़ आदि को जब्त कर लिया गया है। इसमें कुल आठ लोगों को आरोपी बनाया गया था। जिसमें सात की गिरफ्तारी के बाद एक महिला अभी भी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

ए.एस.पी के नेतृत्व में गठित हुई थी टीम

इस घटना को लेकर पुलिस ने 8 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज की थी। बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 117(2),117(4) एवं 103(2) तथा डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001की धारा 3/4 के तहत दर्ज इस मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रशिक्षु अपर पुलिस अधीक्षक सह मुफस्सिल थाना प्रभारी डॉ सैय्यद मुस्तफा हाशमी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, जिसने सघन छापेमारी करते हुए आठ में से सात को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। टीम में दिग्घी थाना प्रभारी अनुज कुमार, एसआई नंदन कुमार सिंह शामिल थे।

एसपी ने गिरफ्तारी की दी जानकारी

इस पूरे मामले में जिले के एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि डायन बिसाही को लेकर नरेश राणा की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने सात आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली है। जबकि एक को पकड़ने के प्रयास किया जा रहा है।

## एम.के फैजी के गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन




मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/पतनाः** जिला के अंतर्गत पतना प्रखंड के केंदुआ बिशनपुर में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.के फैजी की ईडी द्वारा अनुचित गिरफ्तारी के खिलाफ सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश महासचिव तहमीदूर रहमान के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर कड़ी आपत्ति जताई है।प्रदेश महासचिव सह पंचायत समिति सदस्य तहमीदूर रहमान ने इसे केंद्र की बीजेपी सरकार की प्रतिशोध की राजनीति तथा एसडीपीआई की आवाज को दबाने की नाकाम कोशिश बताया।फैजी साहब की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है और पार्टी को कमजोर करने का प्रयास है जो सफल नहीं हो पाएगा।कई बड़े राजनीतिक दल रहने के बावजूद सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया देश हर कोने में जमीनी स्तर बढ़ रही है तथा वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया द्वारा की गई रैली,विरोध प्रदर्शन तथा कार्यक्रम से घबराकर ईडी ने केंद्र की हुकूमत के इशारे पर यह कदम उठाई है।वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमर फारूक ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष को बिना शर्त तुरंत रिहा किया जाए अन्यथा आंदोलन और तेज होगा।प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित थे। साहिबगंज जिला उपाध्यक्ष अब्दुस समद,शमीम अख्तर, इसहाक शेख,मोर्जेम शेख, अली हुसैन, अहसन अली, शहाबुद्दीन शेख, अब्दुल जलील, अब्दुल हादी,असगर अली, हुमायूंन शेख,अनवर अली, शराफत अंसारी, तथा दर्जनों कार्यकताओं ने सड़क में उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

## जैक द्वारा संचालित इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न

**दुमका :** 11 फरवरी 2025 से चलने वाली एवं जैक द्वारा संचालित इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 संताल परगना महिला महाविद्यालय,दुमका परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त सम्पन्न हो गया।परीक्षा समापन के अवसर पर उपस्थित वीक्षकों एवं महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए केंद्राधीक्षक पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि टीम भावना से कार्य कर कोई भी कार्य त्रुटिरहित सफलता पूर्वक संपन्न किया जा सकता है। केंद्राधीक्षक पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि इस परीक्षा केन्द्र पर जैक द्वारा संचालित इंटरमीडिएट विज्ञान की परीक्षा संचालित हो रहा था जो 4 मार्च 2025 को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त सम्पन्न हो गया।कहा कि परीक्षा को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में स्टैटिक दंडाधिकारी सविता मुर्मू,सहायक केंद्राधीक्षक विक्रम कुमार,सभी कर्तव्यनिष्ठ वीक्षकों के अलावे संताल परगना महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राकेश कुमार सिंह एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ0 हनीफ के साथ साथ महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का पूर्ण सकरात्मक सहयोग मिला।केंद्राधीक्षक पवन कुमार मिश्रा ने परीक्षा समापन के अवसर पर प्राचार्य डॉ0 राकेश कुमार सिंह एवं प्रोफेसर डॉ0 हनीफ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संताल परगना महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राकेश कुमार सिंह ने कहा कि केंद्राधीक्षक पवन कुमार मिश्रा बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ एवं अपने कार्य के प्रति समर्पित हैं।कहा कि सभी विक्षक भी परीक्षा अवधि में अपने कर्तव्य के प्रति मुस्तैद दिखाई दिये। डॉ0 हनीफ ने कहा कि पवन कुमार मिश्रा एक समर्पित शिक्षक,एक कुशल नेतृत्व कर्ता के साथ साथ एक कुशल साहित्यकार भी हैं। डॉ0 हनीफ ने कहा कि केंद्राधीक्षक पवन कुमार मिश्रा पूरी परीक्षा अवधि में एक कुशल नेतृत्व कर्ता की तरह अपने वीक्षकों के साथ टीम भावना से कार्य करते हुए परीक्षा को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में सफल हुए।परीक्षा को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में सहायक केंद्राधीक्षक विक्रम कुमार,विक्षक मानिक चन्द्र पाल,बबीता मुर्मू, विजय कुमार दूबे,रानी स्वेत निशा देहरी,निर्मल लकड़ा, नमिता हांसदा, गौतम कुमार पाल, पिनाकी दे, रामचन्द्र फौजदार, कुमारी कल्पना,सरिता कुमारी,रणधीर कुमार राय एवं राम हांसदा के अलावे परीक्षा कार्य मे लगे सभी वीक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा।

## धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म स्टॉल में मिली अनियमितता, डीसीएम ने वसूला जुर्माना

धनबादः रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर कैटरिंग दुकानों की जांच के क्रम में कई अनियमितता पाई गई। अनियमितता को लेकर स्टॉल संचालकों से जुमार्ना वसूला गया। सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार पूरी टीम के साथ स्टेशन पर लगे विभिन्न स्टॉल की जांच की।

जांच टीम प्लेटफार्म संख्या एक पर पहुंची, इस दौरान एक चाय कॉफी स्टॉल संचालक निरीक्षण टीम को देखकर घबराने लगा। स्टेशन में लगे टी स्टॉल संचालक टीम को देखते ही बड़ी तेजी के साथ चाय और कॉफी की कप को हटाने लगा। यह देख टीम को आशंका हुई और फौरन स्टॉल की जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम की आशंका सच साबित हुई। नियम के मुताबिक कप 150 एमएल के होने चाहिए, लेकिन स्टॉल की कप 100 एमएल का ही थी। इससे साफ है कि 50 एमएल कम चाय या काफी देकर तय राशि यात्रियों से वसूलने का काम स्टॉल संचालक कर रहा था।

जांच टीम का नेतृत्व कर रहे सीनियर डीसीएम ने मौके पर संचालक को फटकार लगाई साथ ही जुमार्ना भी वसूला गया। जांच के दौरान एक अन्य स्टॉल में दूसरे ब्रांड की पानी बोतल प्लेटफॉर्म पर मिली। जबकि नियम के अनुसार रेल नीर ही स्टेशन के अंदर बेचने की अनुमति है। इस दौरान स्टॉल से बाहरी 10 कार्टन पानी का बोतल बरामद किया गया। जांच टीम ने दूसरे स्टॉल संचालक से भी जुमार्ना वसूला।

वहीं, मीडिया को जानकारी देते हुए सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने कहा कि अनाधिकृत पानी की बोतल स्टॉल में पाई गई है। इसके साथ ही कुछ चिप्स और अन्य खाद्य की सामग्री एक्सपायर मिली है। जिन स्टॉल से अनियमितता मिली है, उनसे जुमार्ना वसूला गया है।

## कमी को जल्द पूरा किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिल सके : उपायुक्त



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी - सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल स्थित अनुमंडल पुस्तकालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों साफ-सफाई व बैठने की व्यवस्था की जानकारी ली।उपायुक्त ने लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में आवश्यक संसाधनों की कमी को जल्द पूरा किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिल सके।उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पुस्तकालय में नियमित साफ-सफाई और सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं इस दौरान लाइब्रेरियन मौजूद रहे।

## शिक्षक राष्ट्र निर्माता है समाज निर्माण में उनकी अहम भूमिका होती हैं : डीएसई

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों से हुए सेवानिवृत शिक्षकों को उनके सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर कुल 23 शिक्षक एवं शिक्षिका को भावभीनी विदाई दी गई।इस दौरान कुल 14 शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित थे।शेष अपरिहार्य कारण से उपस्थित नहीं हो पाए।सेवानिवृत शिक्षकों में बेबी रानी पाल,रामबिलास सिंह,अशोक कुमार झा, मो नईमुद्दीन,द्रोपदी कुमारी,मो अतिकुर रहमान,गौतम हाजरा, हरिहर प्रसाद,विजय कुमार साह, हेमंत कुमार राय,दिलीप रमानी,लताफत हुसैन,रविन्द्र कुमार झा,विजय कुमार चौधरी इस अवसर पर उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने सभी को शॉल ओढ़कर एवं माला पहनाकर सम्मानित किए।इस दौरान डीएसई ने कहा आप एक राष्ट्र निमार्ता हैं।मैं भी एक शिक्षक पुत्र हूं।समाज के निर्माण में आपकी क्या भूमिका रही हैं।मैं अच्छी तरह जानता हूं।कहा अपलोग मेहनत कर शिक्षा क्षेत्र में बच्चों को देश के उच्च पद पर उन्हें पहुंचने का काम किया है।वे बच्चे जब आपसे मिलेगे जब आपको सम्मान करेंगे तो आप एहसास करेंगे की मैने समाज को कुछ दिया।उस समय आप अपने उपर गर्व करेंगे।वही डीएसई ने सभी से आग्रह किया कि जिस क्षेत्र से इतनी लंबी अनुभव को लेकर जा रहे हैं।आगे भी समाज में जब भी किसी को जरूरत होगी देने का काम करेंगे।सभी को स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष सहित कार्यालय कर्मी मौजूद थे।



# अनुपम खेर की फिल्म 'तुमको मेरी कसम' का ट्रेलर रिलीज, 21 मार्च को सिनेमाघरों में आएगी

अनुपम खेर पिछली बार फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आए थे, जहां उनकी अदाकारी की सराहना हुई, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। अब अनुपम खेर अपनी अगली फिल्म 'तुमको मेरी कसम' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया है, जबकि इसके निर्माता महेश भट्ट हैं। हाल ही में फिल्म 'तुमको मेरी कसम' का ट्रेलर रिलीज किया गया है। यह एक कोर्ट रूम ड्रामा पर आधारित कहानी पेश करता है, जिसमें कानून और इंसाफ की जटिल गुत्थियां देखने को मिलेंगी। फिल्म 'तुमको मेरी कसम' की कहानी पूरी तरह से अनुपम खेर के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया के जीवन से प्रेरित बताई जा रही है। फिल्म में आईवीएफ तकनीक और उससे जुड़ी जटिलताओं के साथ कोर्ट रूम ड्रामा जैसे गंभीर विषयों को दिखाया गया है, जो दर्शकों के लिए एक दिलचस्प अनुभव होने वाला है। अनुपम खेर के साथ फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में अदा शर्मा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इसके अलावा, ईशा देओल और इश्वाक सिंह भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। ट्रेलर में सभी कलाकारों की झलक देखने को मिली है। फिल्म 'तुमको मेरी कसम' 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।




## शाहरुख संग पहली बार जुड़े शूजित सरकार, प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे

अभिनेता शाहरुख खान आखिरी बार 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'डंकी' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके अभिनय को सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इसे अच्छी सफलता मिली। हालांकि, पिछले साल शाहरुख की कोई नई फिल्म नहीं आई, जिससे उनके प्रशंसक उनकी अगली परियोजना का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब किंग खान ने प्रसिद्ध निर्देशक शूजित सरकार के साथ हाथ मिलाया है। यह पहला मौका है जब शाहरुख और शूजित किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। शाहरुख खान और शूजित सरकार पहली बार साथ आए हैं, लेकिन किसी फिल्म के लिए नहीं, बल्कि एक विज्ञापन के लिए। दिए इंटरव्यू में शूजित सरकार ने बताया, ₹हमने शाहरुख के साथ एक विज्ञापन शूट किया। सेट पर काफी मजेदार माहौल रहा। शाहरुख हमेशा की तरह शानदार और फिट नजर आए। उन्होंने



करीब 8 घंटे तक सेट नहीं छोड़ा, और हमने विज्ञापन को एक ही बार में शूट कर लिया। शूजित सरकार पिछली बार अभिषेक बच्चन स्टारर फिल्म 'आई वांट टू टॉक' लेकर आए थे। इस फिल्म की कहानी को दर्शकों ने सराहा, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। वहीं, शाहरुख खान के पास सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'किंग' है, जो उनके लिए बेहद खास होने वाली है। इस फिल्म में वह पहली बार अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। 'किंग' ईद 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

## तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा का हुआ ब्रेकअप



बॉलीवुड में रिश्ते बनते और बिगड़ते देर नहीं लगती। कुछ सितारे समझदारी से अपने रिश्ते संभाल लेते हैं, जबकि कुछ लाख कोशिशों के बावजूद अपने प्यार को शादी तक नहीं पहुंचा पाते। अब तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा भी इसी कड़ी में शामिल हो गए हैं। दोनों ने आपसी सहमति से अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। हालांकि, उनके बीच दोस्ती बरकरार रहेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक करीब तीन साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा अब अलग हो चुके हैं। कुछ हफ्ते पहले ही दोनों का ब्रेकअप हो गया। फैंस जहां उनकी शादी की खबर का इंतजार कर रहे थे, वहीं इस ब्रेकअप ने सभी को हैरान कर दिया है। हालांकि, तमन्ना और विजय ने इस स्थिति को सम्मानजनक तरीके से संभालने का फैसला किया है, और उनके बीच दोस्ती का रिश्ता बरकरार रहेगा। तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा एक-दूसरे की बेहद इज्जत करते हैं और हमेशा एक-दूसरे की ताकत बने रहे हैं। उन्होंने अपने रिश्ते को सम्मान दिया है और अलग होने के बावजूद वे यह सम्मान बरकरार रखेंगे। तमन्ना और विजय ने वेब सीरीज 'लस्ट स्टोरीज 2' में साथ काम किया था, जिसके बाद उनके अफेयर की चर्चा तेज हो गई थी। बाद में दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया था।

## सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का पहला गाना 'जोहरा जबीन' रिलीज

**सलमान** खान और रश्मिका मंदाना की जबरदस्त केमिस्ट्री, धमाकेदार बीट्स और शानदार कोरियोग्राफी के साथ सिकंदर का बहुप्रतीक्षित पहला गाना 'जोहरा जबीन' आखिरकार रिलीज हो गया है। यह ट्रैक इस ईद के जश्न को और भी खास बना देगा। दिलों पर राज करने के साथ-साथ डांस फ्लोर्स पर भी तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस ईद पर सलमान खान अपने फैंस के लिए एक खास तोहफा लेकर आ रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला के भव्य प्रोडक्शन और ए. आर. मुरुगदॉस के दमदार विजन में तैयार किया गया 'जोहरा जबीन' एक बड़े स्केल पर फिल्माया गया है। इस गाने में शानदार विजुअल्स, भव्य सेटअप और एनर्जी से भरपूर डांसर्स की परफॉर्मेंस इसे एक विजुअल ट्रीट बना देती है। सलमान खान के परफेक्ट डांस मूव्स और रश्मिका मंदाना की दिलकश अदाएं इस गाने की जान हैं। हर फ्रेम में उनकी शानदार केमिस्ट्री झलकती है, जो इसे और भी खास और यादगार बना देती है। 'सिकंदर' के इस शानदार गाने को नकाश अज़ीज़ और देव नेगी ने अपनी एनर्जेटिक आवाज़ दी है, जबकि रैप वाले हिस्से को मेलो डी ने लिखा और गाया है। गाने के दमदार बोल समीर और दानिश साबरी ने दिए हैं, वहीं प्रीतम के जादुई संगीत ने इसे और भी यादगार बना दिया है। 'सिकंदर' 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस धमाकेदार फिल्म का निर्देशन साउथ के मशहूर निर्देशक ए. आर. मुरुगदास कर रहे हैं, जिसमें कई दमदार साउथ भारतीय कलाकार नजर आएंगे। कलाकार की बात करें तो सलमान खान और रश्मिका मंदाना के साथ शरमन जोशी, काजल अग्रवाल, सत्यराज और प्रतीक बब्बर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## कार्तिक आर्यन के फैमिली फंक्शन में डांस करती दिखीं श्रीलीला

अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियों में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक के साथ श्रीलीला नजर आएंगी, और दोनों की जोड़ी पहली बार साथ दिखेगी। श्रीलीला हाल ही में कार्तिक की पारिवारिक पार्टी में शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार्तिक के परिवार के साथ 'किसिक' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपने घर पर बहन डॉ. कृतिका तिवारी की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक पार्टी रखी, जिसमें श्रीलीला भी शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में श्रीलीला को 'किसिक' गाने पर लोगों के साथ डांस करते हुए देखा जा सकता है। लेकिन जैसे ही उनकी नजर कैमरे पर पड़ती है, वह शर्माते हुए हंसने लगती हैं और अपना चेहरा छिपा लेती हैं। इस दौरान कार्तिक भी मुस्कुराते नजर आते हैं और उन्हें वीडियो रिकॉर्ड करते हुए देखा जा सकता है। कार्तिक और श्रीलीला के इस वीडियो पर प्रशंसक जमकर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ₹अगर इनकी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री इतनी शानदार है, तो सोचिए फिल्म में ये कितने कमाल के लगेंगे।₹ वहीं, एक अन्य ने मजाकिया अंदाज में कमेंट किया, ₹आप दोनों डेट कर रहे हो क्या? हाल ही में फिल्म 'पुष्पा 2' में श्रीलीला का गाना 'किसिक' हिट हुआ। कहा जाता है कि श्रीली स्वयं एक डॉक्टर हैं। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि वह कार्तिक की बहन की दोस्त है। कार्तिक और श्रीलीला की फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होने वाली है।



## टेबल टेनिस के दिग्गज अचंत शरत कमल ने संन्यास का किया ऐलान 20 साल के करियर को कहा अलविदा



एंजेसी

**नई दिल्ली।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल भी उसी लिस्ट में शामिल हैं। दो शतक से भी लंबे करियर में उन्होंने देश के लिए कई मेडल जीतें। उन्होंने बुधवार को अपने शहर में और अपने करिबियों की मौजूदगी में संन्यासा का ऐलान किया। शरत ने 5 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

चेन्नई में इसी महीने होने वाला वर्ल्ड टेबल टेनिस स्टार कटेंडर टूनामेंट उनका आखिरी टूनामेंट होगा। शरत के लिए ये मौका काफी खास है क्योंकि उन्होंने करियर की शुरूआत भी इसी टूनामेंट के साथ की थी। डब्ल्यूटीटी प्रतियोगिता यहां 25 से 30 मार्च तक खेली जाएगी। शरत ने कहा कि, मैंने अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला गया था, मैं अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच भी चेन्नई में ही खेलूंगा। पेशेवर एथलीट के तौर पर ये मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा।

2003 में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीतने के बाद, उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ 10 ये खिताब हासिल किया। 42 साल की उम्र में भी ये खिलाड़ी दुनिया में सबसे ज्यादा रैंक वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। नई **WTT** रैंकिंग के अनुसार, शतर 42वें स्थान पर हैं। 24 वर्षीय मानव ठक्कर से 18 स्थान ऊपर हैं जो अगले सर्वेश्रेष्ठ भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं।

## औली में नेशनल स्की चैम्पियनशिप 16 से 19 तक




**गोपेश्वर ।** विश्व विख्यात हिम क्रीड़ा केन्द्र औली मे नेशनल स्की चैम्पियनशिप का आयोजन 16से 19 मार्च तक होगा, जिसकी हर स्तर पर तैयारियां शुरू की जा चुकी है। स्की एंड माउंटनियरिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष अजय भट्ट के अनुसार 16 मार्च को राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न स्की प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ होगा, 17 व 18 मार्च को सलालम व जेंट सलालम रेस और स्नो बोर्ड प्रतियोगिताएं आयोजित होंगीं। इन प्रतियोगिताओं मे देशभर के अनेक राज्यों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। 19मार्च को नेशनल चैम्पियनशिप का समापन होगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : फाइनल में भिड़ेंगे भारत और न्यूजीलैंड

एजेंसी

**लाहौर :** बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। जिसे न्यूजीलैंड ने 50 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ कीवी टीम फाइनल में पहुंच गई है। वही अब रविवार, 9 मार्च को दुबई में भारत और न्यूजीलैंड टीम फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेंगी। भारत ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में एंट्री की थी।

फिलहाल, दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने धीमी शुरूआत की और फिर लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए, जिससे न्यूजीलैंड ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। दक्षिण अफ्रीका की टीम 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 312 रन बना सकी। साउथ अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर ने नाबाद 100 रन बनाए। न्यूजीलैंड के 363 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंटनर (43 रन पर तीन विकेट) और ग्लेन फिलिप्स (27 रन पर दो



विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम डेविड मिलर (नाबाद 100 रन, 67 गेंद, 10 चौके, चार छक्के) के शतक और रेसी वान डेर डुसेन (69) तथा कप्तान तेंबा बावुमा (56) के अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 312 रन ही बना सकी। वान डेर डुसेन और बावुमा ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी भी की। न्यूजीलैंड ने इससे पहले रविंद्र (108 रन, 101 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) और विलियमसन (102 रन, 94 गेंद, 10 चौके, दो छक्के) के शतक और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 362 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर है। ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 49, 27 गेंद) और डेरिल मिचेल (49 रन, 37 गेंद) ने अंत में पांचवें विकेट के लिए 30 गेंद में 57 रन जोड़कर टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। टीम ने अंतिम 10 ओवर में 112 रन जोड़े। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 72 रन देकर तीन विकेट चटकाए। कागिसो रबादा ने 70 रन पर दो विकेट हासिल किए। सेमीफाइनल के साथ ही पाकिस्तान में चैंपियन्स ट्रॉफी का अंत हो गया क्योंकि अब फाइनल नौ मार्च को दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे दक्षिण अफ्रीका ने पांचवें ओवर में ही रेयान रिकेल्टन (17) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने मैट हेनरी (43 रन पर दो विकेट) की गेंद पर कवर में माइकल ब्रेसवेल को कैच थमाया। बावुमा और वान डेर डुसेन ने 10 ओवर में टीम का स्कोर एक विकेट पर 56 रन तक पहुंचाया। बावुमा ने इस दौरान काइल जेमीसन पर पारी का पहला छक्का जड़ा। बावुमा ने ब्रेसवेल पर चौके के साथ 18वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वान डेर डुसेन ने सेंटनर पर छक्का मारा और फिर ब्रेसवेल की गेंद पर एक रन के साथ 51 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। बावुमा हालांकि सेंटनर के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में बैकवर्ड प्वाइंट पर विलियमसन को कैच दे बैठे। उन्होंने 71 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और एक छक्का मारा। एडेन मार्करम ने 26वें ओवर में विल ओरोर्के पर तीन चौके जड़कर तेवर दिखाए। सेंटनर ने इसके बाद तेजी से स्पिन होती गेंद पर वान डेर डुसेन को बोल्ड किया जिन्होंने 66 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के मारे। सेंटनर ने अगले ओवर में हेनरिक क्लासेन (03) को लॉन्ग ऑफ में हेनरी के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका को बड़ा झटका दिया। रविंद्र ने इसके बाद एडेन मार्करम (31) को अपनी ही गेंद पर लपककर दक्षिण अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 189 रन किया। दक्षिण अफ्रीका को अंतिम 15 ओवर में जीत के लिए 170 रन की जरूरत थी। ब्रेसवेल ने वियान मुल्डर (08) को रविंद्र के हाथों कैच कराया जबकि फिलिप्स ने मार्को यानसेन (03) और केशव महाराज (01) की पारी का अंत किया। मिलर ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने ओरोर्के पर चौके के साथ 46 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और अंत में कुछ आकर्षक शॉट खेले। उन्होंने अंतिम ओवर में जेमीसन पर दो चौके और एक छक्के के बाद अंतिम गेंद में दो रन के साथ 67 गेंद में शतक पूरा किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा मंदिर में की पूजा-अर्चना

## देश के सुख-समृद्धि की मनोकामना की

एजेंसी

**देहरादून।** गंगा के शीतकालीन वास मुखवा में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीर्थ पुरोहितों ने अभिवादन किया। मुखवा स्थित गंगा मंदिर में प्रवेश से पहले उन्हें पुष्पहार पहनाया गया। मंदिर के गर्भगृह में तीर्थ पुरोहितों ने श्रीसुक्त से गंगा मूर्ति का अभिषेक करवाने के बाद गंगा लहरी के दिव्य मंत्रों से पूजा-अर्चना करवाई। गंगा आरती के साथ ही प्रधानमंत्री ने देश के सुख और समृद्धि की मां गंगा से प्रार्थना की। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के सुरेश सेमवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पूजा-अर्चना के साथ ही मां गंगा को भोग-प्रसाद भी चढ़ाया। मुखवा स्थित गंगोत्री मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रधानमंत्री हर्षिल में आम सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही



विभिन्न अभियानों का भी शुभारंभ करेंगे। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच प्रधानमंत्री कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर रहे हैं।

## मणिपुर में विभिन्न स्थानों पर हथियारों का स्वैच्छिक समर्पण

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील के बाद, राज्य के विभिन्न जिलों में आम जनता द्वारा कुल 32 प्रकार के विभिन्न हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामग्री स्वेच्छा से पुलिस के समक्ष जमा किए गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि यह आत्मसमर्पण चुराचांदपुर, कांगपोकपी और इंफाल ईस्ट जिलों में विभिन्न स्थानों पर किया गया। एसपी चुराचांदपुर के कार्यालय में 12 बोर सिंगल बैरल गन, पंपी, लैंड माइन्स, वॉकी-टॉकी सेट और अन्य सामग्री जमा की गई। कांगपोकपी जिले के साइखुल पुलिस स्टेशन में पंपी, 12 बोर बंदूक, कारतूस और अन्य गोला-बारूद आत्मसमर्पण किए गए। इंफाल ईस्ट जिले के लामलाई, इरिलबुंग, हेंगांग, पोरोमपट पुलिस स्टेशनों सहित अन्य सुरक्षा इकाइयों में विभिन्न प्रकार के राइफल, पिस्तौल, ग्रेनेड, बुलेटप्रूफ जैकेट, वायरलेस सेट और अन्य विस्फोटक सामग्री सौंपी गई। इंफाल ईस्ट जिले के 7 एमआर खाबेइसोई में एके राइफल, 9मिमी पिस्तौल, इंसास मैगजीन, टियर स्मोक ग्रेनेड और अन्य गोला-बारूद जमा किए गए।

## हिमाचल प्रदेश में नौ मार्च से फिर बिगड़ेगा मौसम, अलर्ट जारी

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में गुरुवार को मौसम साफ और शुष्क बना हुआ है। राज्य के प्रमुख हिल स्टेशनों शिमला और मनाली में गुनगुनी धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। हालांकि प्रदेश के कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मंडी जिले में मध्यम स्तर का कोहरा देखा गया जिससे दृश्यता प्रभावित हुई, जबकि कुछ क्षेत्रों में हल्की धुंध भी छाई रही। राज्य में कहीं भी ओलावृष्टि या तूफान जैसी कोई गतिविधि नहीं हुई।

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक यानी 8 मार्च तक प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। हालांकि 9 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है जिससे राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 10 मार्च के लिए येलो अलर्ट जारी किया है जिसमें बिजली कड़कने और गरज के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान पहाड़ी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है। इससे तापमान में गिरावट आएगी।

10 मार्च को संभावित खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेष रूप से पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है क्योंकि खराब मौसम से परिवहन और जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

**11 और 12 मार्च को भी बारिश और बर्फबारी के आसार**

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 11 और 12 मार्च को भी मैदानी और मध्यवर्ती इलाकों में आंशिक बारिश की संभावना है, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। इससे राज्य में एक बार फिर कड़ाके की ठंड लौट सकती है। खासकर लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चंबा जिलों में इसका असर ज्यादा दिख सकता है। बारिश और बर्फबारी के चलते तापमान में गिरावट होगी और लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। जनजातीय जिलों में कड़ाके की ठंड की संभावना जताई गई है।

## गाजियाबाद के दुधेश्वरनाथ मंदिर का काशी के विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर जीर्णोद्धार शुरू

एजेंसी

**गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)।** ऐतिहासिक श्रीदूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर कॉरिडोर के प्रथम चरण में मुख्य द्वार और यात्री निवास का निर्माण कार्य आज शुरू हो गया। पिछले दिनों प्रदेश सरकार ने पिछले दिनों काशी के विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर इसका जीर्णोद्वार करने का निर्णय लिया था। इसी के अंतर्गत निर्माण कार्य शुरू हुआ है। यहां के महंत नारायण गिरी ने बताया कि ऐतिहासिक श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर से गाजियाबाद की देश ही नहीं पूरे विश्व में पहचान है। मंदिर में लंका नरेश रावण के पिता से लेकर रावण और छत्रपति शिवाजी महाराज तक पूजा-अर्चना कर चुके हैं। मंदिर की ऐतिहासिकता को देखते हुए केंद्र व उत्तर प्रदेश की सरकार ने कॉरिडोर बनाकर मंदिर का काशी के विश्वनाथ मंदिर व उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर



जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया था। कॉरिडोर के तहत मुख्य द्वार के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। यात्री निवास का कार्य भी शुरू होने जा रहा है। कॉरिडोर का कार्य पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया जा रहा है।

निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज व मंदिर के पीठाधीश्वर श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का आभार व्यक्त किया।

## फारबिसगंज के दो प्रतिष्ठानों में 22 लाख डकैती मामले में चौथा बदमाश गिरफ्तार

**अररिया।** फारबिसगंज कृषि उत्पादन बाजार समिति (विघटित) प्रांगण में स्थित किराना के थोक मंडी में 28 फरवरी की देर शाम अपराधियों ने दो प्रतिष्ठानों में 22 लाख रुपये डकैती की घटना को अंजाम दिया था।जिसमें तीन अपराधियों को गिरफ्तारी के बाद चौथे अपराधी रंजन यादव पिता नित्यानंद यादव को नरपतगंज थाना क्षेत्र के थलहा गांव से बुधवार शाम गिरफ्तार किया गया है। डकैती मामले की उद्भेदन को लेकर एसपी अंजनी कुमार द्वारा गठित एसआईटी की टीम ने रंजन यादव को गिरफ्तार किया।इनके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा,एक जिंदा कारतूस,तीन किलो गांजा और मोबाइल बरामद किया है। रंजन यादव की गिरफ्तारी नरपतगंज थाना क्षेत्र के मधुरा उत्तर पंचायत के थलहा गांव के वार्ड संख्या 15 से की गई।इस बात की जानकारी फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी।

# इलाज के लिए एस्टिमेट मंगा लें सरकार करेगी मदद : मुख्यमंत्री

- सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 250 से अधिक लोगों की समस्याएं-अधिकारियों को दिया निर्देश-जनसमस्याओं के निस्तारण में तत्परता बरतें अधिकारी

एजेंसी



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एक महिला ने परिवारीजन के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एस्टिमेट मंगा लीजिए, सरकार मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में एक महिला समेत कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टिमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

**बच्चों को दी टॉफी, पूछा हालचाल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने आए बच्चों को दुलार किया। उन्होंने बच्चों से बातें कीं, पढ़ाई के बारे में जानकारी ली, फिर चॉकलेट-टॉफी प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# सराफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 550 रुपये से लेकर 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,990 रुपये से लेकर 88,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,660 रुपये से लेकर 80,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज तेजी आई है, जिसके कारण आज दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 88,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 88,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।




बिहार विधानसभा के बाहर माकपा विधायक विरोध प्रदर्शन करते।

# एक घंटे में ही फिसले सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही विदेशी निवेशकों ने बिकवाली का दबाव बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट आ गई। हालांकि पहले आधे घंटे का कारोबार होने के बाद घरेलू संस्थागत निवेशकों ने खरीदारी का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे शेयर बाजार की चाल में सुधार होता हुआ नजर आया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत और निफ्टी 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एशियन पेंट्स, बीपीसीएल, श्रीराम फाइनेंस, टाटा स्टील और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.62 प्रतिशत से लेकर 1.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर ट्रेंट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, भारती एयरटेल, इंफोसिस और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 1.33 प्रतिशत से लेकर 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,476 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,953 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 523 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 14 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 578.07 अंक की मजबूती के साथ 74,308.30 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही मंदड़ियों ने बिकवाली का दबाव बना दिया, जिसकी वजह से ये सूचकांक अपनी सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में 73,415.68 अंक तक गिर गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होता हुआ नजर आया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 46.62 अंक की गिरावट के साथ 73,683.61 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 139.05 अंक उछल कर 22,476.35 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक पहले आधे घंटे के कारोबार में ही लाल निशान में 22,245.85 अंक तक गिर गया। हालांकि इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने से इस सूचकांक की स्थिति में मामूली सुधार हुआ। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 15.75 अंक की कमजोरी के साथ 22,321.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 740.30 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ 73,730.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 254.65 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की उछाल के साथ 22,337.30 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## कच्चे तेल की कीमत में गिरावट जारी, 6 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा क्रूड

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा गिरकर छह महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। ब्रेंट क्रूड फिलहाल 70 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से भी नीचे गिर कर 69.47 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 67 डॉलर के स्तर से नीचे फिसल कर 66.46 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दरअसल, ओपेक और इसके सहयोगी देश द्वारा क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) के उत्पादन में बढ़ोतरी करने का संकेत दिए जाने के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत पर लगातार दबाव बना हुआ है। आपको बता दें कि कच्चे तेल का उत्पादन करने वाले कुछ देशों के विरोध के बावजूद ओपेक और इसके सहयोगी देशों के बीच क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाने की बात को लेकर आमतौर पर सहमति बन गई है। इन देशों द्वारा अप्रैल के महीने से क्रूड ऑयल के उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर में मंत्रिपरिषद में कुल सदस्यों की संख्या विधानसभा में कुल सदस्यों के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए : मुख्यमंत्री



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में मंत्रिपरिषद में कुल सदस्यों की संख्या विधानसभा में कुल सदस्यों के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। हंदवाड़ा के विधायक सज्जाद गनी लोन के प्रश्न के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जो सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी मंत्री हैं ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम-2019 के अनुसार मंत्रिपरिषद की संख्या विधानसभा के कुल सदस्यों की संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों के पास मौजूद विभागों के नामों के बारे में पूछे गए प्रश्न पर सरकार ने पांच कैबिनेट मंत्रियों के पास मौजूद विभागों के नाम निर्दिष्ट किए हैं लेकिन मुख्यमंत्री के पास मौजूद विभागों के नामों का उल्लेख नहीं किया है। लिखित उत्तर में सरकार ने कहा कि किसी भी माननीय मंत्री को आवंटित नहीं किए गए विभाग माननीय मुख्यमंत्री के पास हैं।

### ऑल असम स्वास्थ्य एवं तकनीकी कल्याण संघ का तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार का तीसरा दिन

**बंगाईगांव (असम)।** ऑल असम स्वास्थ्य एवं तकनीकी कल्याण संघ का कहना है कि अगर आज सरकार हमें आश्वासन नहीं देती है, तो एनएचएम और ऑल असम स्वास्थ्य एवं तकनीकी कल्याण संघ उग्र आंदोलन करेगा। गौरतलब है कि राज्यभर में ऑल असम स्वास्थ्य एवं तकनीकी कल्याण संघ का तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार जारी है। आज तीसरे दिन भी बंगाईगांव सिविल अस्पताल में कार्य ठप है। पहले से ही अस्पताल में डॉक्टरों और नर्सों की कमी है। कुल 46 नर्सों में से एनएचएम की 28 नर्सें हड़ताल पर हैं। 10 लैब टेक्नीशियन में से 8 कार्य बहिष्कार में शामिल हैं, जिससे अस्पताल प्रशासन संकट में पड़ गया है। समान काम के लिए समान वेतन और विभिन्न बुनियादी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ऑल असम स्वास्थ्य एवं तकनीकी कल्याण संघ (एनएचएम) ने तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार का कार्यक्रम शुरू किया है। आज बंगाईगांव में यह कार्यक्रम जिला संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

### शिमला में 477 ग्राम चरस बरामद, पिकअप चालक गिरफ्तार

**शिमला।** राजधानी शिमला से सटे पुलिस थाना सुन्नी की टीम ने एक चरस तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। बुधवार देर शाम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक पिकअप वाहन से 477 ग्राम चरस बरामद की है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में चरस लेकर सुन्नी से तत्तापानी की ओर जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना सुन्नी क्षेत्र में एक नाका लगाया और संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू की। कुछ देर बाद पुलिस ने एक पिकअप वाहन (ल्ढ 30 अ 2555) को आते देखा और उसे जांच के लिए रोका। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को 477 ग्राम चरस युक्त एक पार्सल बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान वाहन चालक की पहचान नीरज (28) पुत्र गणेश निवासी अंब जिला ऊना (हिमाचल प्रदेश) के रूप में हुई। वर्तमान में वह करसोग जिला मंडी में रह रहा था। चरस की बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी नीरज को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की पुष्टि थाना सुन्नी के प्रभारी ने की। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह यह मादक पदार्थ कहां से लाया था और इसे कहां सप्लाई करने जा रहा था।

### सहजन के वृक्षारोपण को बढ़ावा, विशेष अभियान शुरू



**झांसी।** योगी सरकार महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया की चुनौती से निपटने के लिए अब सहजन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चला रही है। राज्य परिवार नियोजन सेवा अभिनवीकरण परियोजना एजेंसी (सिफ्सा) और राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के सहयोग से राज्य स्तर पर इस परियोजना की शुरुआत प्रदेश के तीन जिलों में की गई है, जिसमें झाँसी जिले को भी चुना गया है। परियोजना के अंतर्गत लोगों को सहजन के फायदों और इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है। झाँसी जिले के सभी विकास खण्डों में अभियान को गति देते हुए सहजन के वृक्षारोपण और उसके उपयोग से जुड़े नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। विद्यालयों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। परियोजना के माध्यम से कुपोषण से जुड़े विषय पर जागरूकता बढ़ने से महिलाओं व किशोरियों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। सहजन से जुड़ी जानकारी और सुझाव के लिए 9569703306 व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। इस नंबर पर प्रश्न करने पर सटीक जानकारी उत्तर के रूप में प्राप्त की जा सकती है। झांसी मंडल में इस पहल के अंतर्गत निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गणतंत्र दिवस पर सहजन पौधों का रोपण किया गया। झांसी में बुंदेलखंड लिटरेचर फेस्टिवल में सहजन पर आधारित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन पिछले दिनों किया गया। आशाओं के साथ वर्चुअल संवाद किया गया है।

झांसी के मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने बताया कि अत्यधिक पौष्टिकता और औषधीय गुणों के कारण सहजन कई तरह की पोषण कमियों और बीमारियों से निपटने की क्षमता रखता है। एनीमिया जैसी सार्वजानिक स्वास्थ्य समस्या, जो कि महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को प्रभावित करती है, जिसकी वजह से शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और थकान, कमजोरी और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं, इन सब से निपटने के लिये सहजन एक प्राकृतिक और प्रभावी समाधान साबित हो रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मण्डलीय परियोजना प्रबंधक आनन्द चौबे ने बताया कि सिफ्सा द्वारा वित्त-पोषित इस परियोजना के तहत झाँसी जिले में प्रचार माध्यमों द्वारा सहजन के उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है।विद्यालयों और सामाजिक संगठनों के साथ जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है। जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और 100 चिन्हित स्कूल तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सहजन के लाभों पर केंद्रित जानकारियों के प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों की शुरूआत की गई है, जिससे किशोरियों और अन्य ग्रामीण जनता तक जानकारी पहुँचेगी। यह परियोजना एनीमिया से निपटने के लिये एक अभिनव पहल सिद्ध होगी। एन.एच.एम. की पहल के अन्तर्गत नवविवाहित दम्पत्तियों को दी जाने वाली ह्यशगुन किटह्न में परिवार नियोजन सामग्री के साथ सहजन के फायदों की जानकारी वाला लीफलेट शामिल किया जाएगा, जिससे गर्भावस्था के दौरान सहजन के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। सहजन का पेड़ लगाने और इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तर पर 50,000 रूपए की इनाम राशि घोषित की गयी है। किसी भी व्यक्ति, संस्था, आशा, आँगनबाड़ी द्वारा ब्लॉक स्तर पर लगाये गए पौधों की आगामी एक साल में सर्वाइवल रेट के अनुसार पहले, दूसरे और तीसरा स्थान पाने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल से ग्राम पंचायत व स्कूल स्तर तक सहजन के पौधे लगाने का माहौल बनेगा। सहजन के प्रयोग से बनाये गए खाद्य पदार्थों, दवाइयों, कृषि उत्पादों आदि से जुड़े नवाचारों के लिए भी जिला स्तर पर पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

## पीएलएफआई के चार उग्रवादी को सिमडेगा पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

सिमडेगाः सिमडेगा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को धर दबोचा है। पुलिस कई दिनों से इनके तलाश में थी। मामले में एसडीपीओ बैजू उरांव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि सिमडेगा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के कई कण्डों में वांछित पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में से एक सुनील उरांव उर्फ तूफान पाकरटांड़ थाना क्षेत्र में लेवी लेने की नियत से पहुंचा था। इसी दौरान सूचना मिलने पर उसे पुलिस ने धर दबोचा। उसके बाद उससे पूछताछ के दौरान कई राज खुलने लगे। जिसमें पाकर टांड़ और सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के कई घटनाओं का खुलासा हुआ। जिसके बाद एसडीपीओ बैजू उरांव के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाई गई। इसके बाद पुलिस की इस गठित टीम द्वारा गिरफ्तार उग्रवादी के निशानदेही पर पुलिस ने इसके तीन और साथियों आशीष मिंज उर्फ अनमोल मिंज, सिद्धांत कुमार बड़ाइक और राहुल उरांव को भी धर दबोचा। इन चारों पर सिमडेगा के पाकरटांड़ थाना क्षेत्र में रोड कंस्ट्रक्शन साइड पर आगजनी कर वाहन जलाने, रोड़ कंस्ट्रक्शन कंपनी से लेवी मांगने और सदर थाना क्षेत्र के खिजरी में पोस्टरबाजी कर दहशत फैलाने के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इस मामले में एक महिला उग्रवादी यमुना मिंज को भी गिरफ्तार कर एक दिन पूर्व में जेल भेजा है। सिमडेगा पुलिस को कई दिनों से इनकी तलाश थी। पुलिस को उनके पास से लेवी के 54400 रुपए सहित इनके द्वारा प्रयुक्त की जा रही बाईक और मोबाईल भी मिले हैं।

## सांसद कालीचरण मुंडा को डीसी ने किया स्वागत



**सिमडेगा :** खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा अपने तीन दिवसीय प्रवास पर सिमडेगा में हैं। सिमडेगा परिसदन में उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह ने आज सांसद कालीचरण मुंडा से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसद कालीचरण मुंडा और उपायुक्त सिमडेगा ने जिले के विकास के संबंध में चर्चा किए।

## सदर अस्पताल में बच्चों के लिए खुलेगी 6 बेड की पीआईसीयू

**जमशेदपुर :** सदर अस्पताल, जमशेदपुर में बच्चों के बेहतर इलाज की सुविधा बढ़ेगी. अस्पताल में जल्द ही छह बेड की पीआईसीयू खोली जाएगी. अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में इसके लिए छह लाख रुपये के बजट को मंजूरी दी गई है. समिति की बैठक में छह बेड के पीआईसीयू में दो बेबी वार्मर मशीन व 700 कलर कोडेड बेडशीट की खरीदारी की भी स्वीकृति दी गई.

सिविल सर्जन ने बताया कि पीआइसीयू बनने से गंभीर रूप से बीमार बच्चों को एमजीएम अस्पताल भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी, सदर अस्पताल में ही उनका बेहतर इलाज हो सकेगा. इससे स्थानीय मरीजों के इलाज में सहूलियत होगी. उन्होंने कहा कि पीआइसीयू को आगे चलकर अपग्रेड किया जाएगा और इसमें सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी.

## नाबालिग के अपहरण मामले में दो और हिरासत में

**जमशेदपुर :** मानगो की 13 साल की नाबालिग का शादी के लिए अपहरण और यौन शोषण के मामले में दो और लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इससे पहले एक को गिरफ्तार कर उसे रिमांड होम पुलिस भेज चुकी है। अपहर्ता भी नाबालिग है, जिसकी उम्र 15 वर्ष है। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड होम भेज दिया है। वह कपाली का निवासी है। वह 4 मार्च की रात के आठ बजे घर से निकली थी। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। फोन लोकेशन के आधार पर लड़की का पता लगाया गया। उसका अपहरण कपाली के ही नाबालिग ने किया था। रात में छापेमारी कर लड़के के घर से नाबालिग को बरामद कर लिया गया। बुधवार को नाबालिग की चिकित्सा जांच कराई गई।

## होली के पहले हो जमशेदपुर अक्षेस के स्वच्छता पर्यवेक्षकों का वेतन भुगतान

जमशेदपुर : जमशेदपुर मजदूर यूनियन जमशेदपुर अक्षेस के स्वच्छता पर्यवेक्षकों को दो माह से मानदेय नहीं मिलने के मामले में आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनियन के महासचिव अंबुज कुमार ठाकुर ने आरोप लगाया कि मजदूरों ने जब जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार से वेतन भुगतान करने की मांग की, तो उन्होंने कहा कि कौन सा पहाड़ टूट गया है, थोड़ा बर्दास्त नहीं कर सकते हो। उन्होंने कहा, यह काफी दुख की बात है, एक अधिकारी इस प्रकार की सोच रखता है।जमशेदपुर मजदूर यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर होली के पहले स्वच्छता पर्यवेक्षकों का वेतन भुगतान नहीं किया गया, तो जोरदार आंदोलन होगा और इसकी जिम्मेदारी उप नगर आयुक्त की होगी।

## मधुलिका में मिला अवैध वाटर कनेक्शन, 50 हजार जुर्माना

धनबाद : शहर में अवैध वाटर कनेक्शन के खिलाफ नगर निगम का अभियान बुधवार को भी जारी रहा। आठ लेन सड़क स्थित मधुलिका स्वीट्स के कारखाने में अवैध वाटर कनेक्शन पकड़ा गया। कारखाना में राइजिंग पाइप से अवैध रूप से वाटर कनेक्शन लेकर मधुलिका स्वीट्स के संचालक अपने कारखाने में मिठाइयां बनवा रहे थे। निगम ने मधुलिका पर 50 हजार जुमार्ना लगाया। नगर निगम को सूचना मिली कि मधुलिका के कारखाने में अवैध वाटर कनेक्शन से काम चलाया जा रहा है। सहायक अभियंता उदय कच्छप के नेतृत्व में जांच टीम कारखाने पहुंची तो पाया कि मेन राइजिंग पाइप क्षतिग्रस्त कर उससे कनेक्शन लिया गया है। हर दिन हजारों लीटर पानी का अवैध रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है, बदले में निगम को एक भी पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। नगर निगम की टीम ने जुमार्ना वसूलते हुए अवैध कनेक्शन बंद कर दिया। मधुलिका के संचालक ने टीम को बताया कि 2019 में घरेलू कनेक्शन लिया था, लेकिन निगम की टीम ने पाया कि वहां घरेलू कनेक्शन लेकर व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है। नगर निगम अब छह साल की पेनाल्टी जोड़कर अलग से टैक्स वसूल करेगा। जांच टीम में फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार समेत इंफोर्समेंट टीम के सदस्य शामिल थे। मेमको मोड़ में अवैध स्टैंड पोस्ट से चल रहीं दस दुकानेंः नगर निगम की जांच टीम मेमको मोड़ पहुंची, वहां भी अवैध कनेक्शन पकड़ाया। मेमको मोड़ स्थित श्याम स्वीट्स में अवैध वाटर कनेक्शन पकड़ा। निगम ने उसपर ?10 हजार जुमार्ना लगाया। वहां निगम के स्टैंड पोस्ट से लगभग 10 दुकानों में अवैध कनेक्शन किया गया था, सभी पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# फायरिंग मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर में सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करने को लेकर हुए विवाद के बाद मंगलवार रात बमार्माइंस कैरेज कॉलोनी में फायरिंग में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक कट्टा, एक पिस्तौल, मैगजीन सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। मंगलवार को करीब 15 राउंड गोलियां चली थीं। मामले में तीन केस दर्ज किए गए हैं।

फायरिंग से पहले झड़प और पथराव भी हुआ था। इस घटना में छह लोग घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने 8 खोखे मौके से बरामद किए। साथ ही एक पिस्टल भी हाथ लगी है। घायलों में शाहरुख, गुलाम, साजिद, अफजल के अलावा दो महिलाएं भी हैं। पुलिस ने शाहरुख, गुलाम, साजिद सहित अन्य को पकड़ा है। मंगलवार को हुई घटना के बाद से ही बस्ती इलाके में तनाव है। पुलिस बल को कैरेज कॉलोनी मुस्लिम बस्ती में तैनात किया गया है।

यह है मामला अफजल के ही एक करीबी युवक ने सोशल मीडिया पर फोटो डाला था, जिसपर शाहरुख के पक्ष के लोगों ने माखौल उड़ाया था। इसको लेकर मंगलवार की शाम 4 बजे से तनातनी चल रही थी। धीरे-धीरे यह विवाद बढ़ गया और रात 11 बजे अफजल और शाहरुख के गुट के बीच टकराव हो गया। इस दौरान दोनों तरफ से गोलियां चलने लगीं। आपस में जमकर पथराव भी हुआ। बता दें कि अफजल और शाहरुख के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा है। इनके बीच पहले चाकूबाजी भी हो चुकी है।



सीसीए की कार्रवाई होगी

एसएसपी किशोर कौशल ने आदेश दिया है कि सीसीटीवी में जिन लोगों तस्वीर दिखाई दे रही है, उनपर करवाई की जाए। यदि उन्हें नामजद नहीं किया जाता है, इसके बावजूद पुलिस अपनी तरफ से एफआईआर दर्ज कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। इसके अलावा जिन लोगों ने भी फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है उनके खिलाफ सीसीए के तहत प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

25 लोगों को बनाया आरोपी

बुधवार की रात में पुलिस ने दलबल के साथ आरोपियों के ठिकाने पर दबिश दी। मामले में 25 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने सभी के घर की तलाशी भी ली है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस गुरुवार को जेल भेजेगी। वहीं, कैरेज कॉलोनी में पुलिस नशे के खिलाफ भी अभियान चलाएगी। इस अभियान के दौरान जो भी लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल पाए जाएंगे, उनपर केस दर्ज किया जाएगा।

# बंदगांव थाना क्षेत्र में अफीम की खेती का सफाया जोरों पर

### प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार एवं थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल की कारगर मुहिम हो रही है सफल

**ज्योति पाठक**

पश्चिम सिंहभूम जिला के अति सूदूर एवं दुर्गम क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाला बंदगांव थाना में पुलिस ने अपने अथक प्रयास से डीजीपी अनुराग गुप्ता के दिए गए टास्क को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कर ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ साथ अफीम की खेती को अपराध बताते हुए इससे दूरी बनाने के लिए सलाह देने के साथ साथ इसे धरातल पर भी उतारने का कार्य किया है। विगत दिन जिला के उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं





पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने स्वयं अफीम की खेती को नष्ट करने की स्वयं कमान भी संभाली और इस दिशा निर्देश का अनुपालन बेहतर ढंग से विशेष रूप से पदस्थापित किए गए प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार एवं थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल कारगर रूप से अभियान चलाकर अफीम की खेती को नष्ट करने में सफल भी रहे हैं जो निश्चित तौर पर बंदगांव थाना के लिए उपलब्धि की बात है।

कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम ने भी पश्चिम सिंहभूम के अति सूदूर क्षेत्र बंदगांव थाना में इस अभियान के कारगर रूप से सफल होने पर इसे पुलिस की उपलब्धि माना है जिसका श्रेय निश्चित रूप में पुलिस अधीक्षक के बेहतर दिशा निर्देश और कारगर पहल को जाता है जो इसे मूर्त रूप देने में सफल रहे हैं जिसके लिए प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार एवं थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल और थाना की टीम प्रशंसा के पात्र हैं।

## रिम्स में इलाजरत सहायक शिक्षक की मौत, शोक

सरायकेला : सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौड़ा उर्दू के सहायक शिक्षक मोहम्मद मुख्तार आलम की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई. पह पिछले एक साल से बीमार चल रहे थे. उनका इलाज रिम्स, रांची में चल रहा था. कुकरू प्रखंड के चौड़ा मजार टोला निवासी दिवंगत मोहम्मद मुख्तार आलम अपने पीछे पत्नी और दो बच्चे छोड़ गए हैं. उनकी पत्नी पारा शिक्षक हैं.

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्दुल गफ्फार ने बताया कि मोहम्मद मुख्तार आलम वर्ष 2004 से पारा शिक्षक की नौकरी करते थे. 2015 में उनका चयन सहायक शिक्षक के रूप में हुआ. उनकी पहली पोस्टिंग रांची जिले के तमाड़ प्रखंड के रड़गांव में हुई थी. इसके बाद उनकी पदस्थापना कुकड़ू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौड़ा उर्दू में हुई. तब से वह स्कूल में बच्चों को उर्दू पढ़ाते थे. उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे शिक्षक समाज में शोक की लहर है.

# सर हमें है आप पर गर्व



**बिनय मिश्रा**

जिला के सर्वोच्च अधिकारी उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने तांत नगर प्रखंड के आवासीय कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया सुविधाओं की सुधि के साथ साथ छात्राओं से जानकारी भी ली।

विद्यालय की छात्राओं को सहसा यह विश्वास ही नहीं हुआ कि जिला के सर्वोच्च अधिकारी यानि उपायुक्त उनके साथ और उनके पास हैं। उपायुक्त की मृदुभाषिता, विनम्रता छात्राओं के प्रति स्नेह और पठन पाठन के प्रति प्रेरित करने की शैली से छात्राओं को काफी कुछ उपायुक्त से सीखने को मिला। उपायुक्त ने विद्यालय की सुविधा के साथ साथ भोजन की व्यवस्था को जानने और जांचने के पश्चात विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के साथ बैठकर सामुहिक रूप से भोजन ग्रहण भी किया जो विद्यालय के छात्राओं के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा वहीं उपायुक्त के साथ भोजन कर छात्राएं भी काफी प्रसन्न हुई । ऐसे आईएएस अधिकारी व उपायुक्त से जिला के साथ साथ राज्य भी गौरवान्वित होते हैं और निश्चित तौर पर ऐसे अधिकारी गौरव के साथ साथ प्रेरणास्त्रोत भी होते हैं।

## गणेश मंदिर के वार्षिकोत्सव पर विशेष अनुष्ठान, सांसद जोबा माझी ने लिया भाग

चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित श्री विघ्नविनाशक गणेश मंदिर का सातवां वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजन-अनुष्ठान हुए. बतौर मुख्य अतिथि सांसद जोबा माझी वार्षिकोत्सव समारोह में शरीक हुई. उन्होंने हवन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की. इस अवसर पर भगवान गणेश का भव्य श्रृंगार कर विधिवत पूजा की गई. धार्मिक अनुष्ठान, हवन व आरती के बाद सांसद जोबा माझी ने श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया. रात्रि में पटना व कानपुर से आए कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे. मंदिर के संरक्षक सह जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजीत यादव ने धर्म प्रेमियो से अधिक से अधिक संख्या में भजन संध्या में भाग लेने की अपील की. इस अवसर पर पुरोहित अखिलेश्वर पांडेय, जिप सदस्य जेपी महतो, मुखिया पूजा कुजूर, पंसस उषा देवी खुशबू, दिलीप अग्रवाल, अशोक वर्मा, विनोद सिंह, चंचल रवानी, अरविंद गुप्ता, बंधना उरांव, विजय साहू, संजय यादव, अश्विनी बघेल, मानएल बेक, निखिल साह, विक्रम सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

# बीजेपी का अटल विरासत सम्मेलन कल

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सम्मेलन में होंगे शामिल

सिमडेगा : भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है. 07 मार्च, दिन शुक्रवार को अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित



किया गया है. विरासत सम्मेलन में वक्ता के रूप में मधु कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे. अटल बिहारी वाजपेई जी राजनैतिक, सांगठनिक कार्यों के साथ उनके बहुआयामी व्यक्तित्व के बारे में वक्तागण प्रकाश डालेंगे. जनसंघ काल, 74 आंदोलन और वनांचल आंदोलन से जुड़े लोग, अटल बिहारी वाजपेई जी के साथ काम किए हुए कार्यकर्ता, नेता जो अभी मौजूद है उन्हें इस सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा. सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला, मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जेस्ट श्रेष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता को आमंत्रित किया गया है. जिला संयोजक मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि अटल विरासत सम्मेलन को पार्टी के द्वारा भव्य रूप से मनाया जाएगा।

## रेलकर्मी की पत्नी का मोबाइल ट्रेन से चोरी

जमशेदपुर। परसूडीह के हलुदबनी निवासी रेलकर्मी सोपो हेम्ब्रम की पत्नी का बैग पटना बिलासपुर साप्ताहिक ट्रेन से शनिवार देररात चोरी हो गई। जिसमें रुपये व मोबाइल था। मुगलसराय स्टेशन पर नियुक्त रेलकर्मी ने ट्रेन से उतरकर टाटानगर रेल थाना में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इससे पूर्व रेल पुलिस ने टाटानगर स्टेशन से मानगो डिमना रोड निवासी एस ओझा का मोबाइल चोरी और स्टील एक्सप्रेस से महिला यात्री की लैपटॉप और मोबाइल झाड़ग्राम जाने के दौरान चोरी होने का केस दर्ज किया था।

# डीसी व डीडीसी ने रावण खोता व सराईपानी का किया निरीक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगाः** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने कुरडेग प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बड़कीबीउरा पंचायत के रावण खोता एवं सराईपानी बड़ाईकटोली का निरीक्षण किया गया।

मनरेगा पार्क लोगों के लिए रोजगार का सृजन कर रहा है. एक ऐसा पार्क, जहां सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, जो ग्रामीणों के वर्तमान से लेकर भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभायेगी. इसका उद्देश्य यह है कि मनरेगा अंतर्गत सभी अनुमन्य योजनाओं को मनरेगा पार्क के धरातल पर लाना एवं वहां के ग्रामीणों को आजीविका संवर्धन से जोड़ना है।

इसी के तहत कुरडेग प्रखंड भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा कुरडेग प्रखंड अंतर्गत बड़कीबीउरा पंचायत में मनरेगा पार्क का उद्घाटन किया गया।* तत्पश्यात मनरेगा पार्क अंतर्गत संचालित मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में 8 एकड़ ने बिरसा हरित ग्रामीण योजना, 1 बिरसा सिंचाई कूप योजना, 1 वीर शहीद पोटो हो खेल विकाश योजना, 8 बर्मी कंपोस्ट पीट, 1 सोकपीट एवं1 ई0सी0बी0 देखा गया। संबंधित पदाधिकारी/ कर्मी को ग्रामीणों के



सतत विकास हेतु ग्रामीण परिवारों को पशुधन विकास योजना से जोड़ते हुए पशुशेड का निर्माण करना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत ड्रेगन फ्रूट की खेती के साथ स्ट्रॉबेरी की खेती करने हेतु ग्रामीणों को जागरूक एवं स्थल का चयन करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त महोदय ने बड़कीबीउरा पंचायत के रावण खोता में निवास करने वाले कोरवा पीभीटीजी परिवारों से मुलाकात की तथा उसके विभिन्न विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने बताया कि कई परिवारों का राशन कार्ड एवं कई बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड नहीं बना है। जिसके आलोक में उपायुक्त महोदय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को कैंप आयोजन कर छुटे हुए सभी पीभीटीजी परिवारों का राशन कार्ड, बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड यथाशीघ्र बनाने का निर्देश दिया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राशन कार्ड बनने के बाद उसे यथाशीघ्र डाकिया योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। महिलाओं ने पानी की समस्या से भी उपयुक्त महोदय को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुआं का पानी पीते हैं जो की एक महीने में सूखा पड़ जाएगा। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग द्वारा निर्मित जल मिनार से काफी कम पानी आता है। कभी-कभी पानी की पूर्ति भी नहीं हो पाती है। उपायुक्त महोदय ने पानी की समस्या को जल्द ही दूर करने का आश्वासन दिया, उन्होंने कहा कि नई बोरिंग के माध्यम से पानी की सुविधा उपलब्ध की जायेगी। इसके पश्चात उपायुक्त महोदय ने पीएमजनमन योजना के तहत बने आवास का निरीक्षण किया, जिस लाभुक का आवास पूर्ण था उसे ताला-चाबी दिया गया। तथा दीवाल का प्लास्टर एवं जमीन ढलाई से संबंधित अधूरे निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु आवास कोऑर्डिनेटर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लाभुक श्री गुरुवारु कोरवा एवं श्रीमती करिला कोरवा का आवास निर्माण का जायजा लिया। उपायुक्त महोदय ने करिला कोरवा का बने दरवाजा जो मजबूत नहीं था उसे चेंज करते हुए एक सप्ताह के अंदर मजबूत दरवाजा लगाने का निर्देश दिया। वहीं पीएमजनमन के लाभुक श्री गुरुवारु कोरवा उसके जीवन यापन की जानकारी ली। उपायुक्त महोदय ने गुरुवारु कोरवा को शराब न पीने/नशे से दूर रहने की बात कहीं।उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ने-लिखने और वन उत्पाद सामग्रियों को बाजार में बिक्री कर आय का स्रोत बनाने की बात कहीं।इसके पश्चात उपायुक्त ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रावण खोता का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता का जांच किया। मेनू के हिसाब से जितनी मात्रा में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना है वह नहीं पाया गया। रसोई घर में खाद्यान्न में दाल नहीं था जिसके कारण उचित दाल नहीं बना था। आज रसोइयां के बदले उसकी कोई अन्य भोजन बनाई जिसने दाल नहीं होने की बात कही। साथ ही बच्चों ने बताया कि प्रतिदिन भोजन नहीं दिया जाता है एक दिन छोड़ कर बच्चों को भोजन दी जाती है। दूरभाष के माध्यम से जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करें। तथा रावण खोता व सरई पानी के लोगों ने सड़क,पानी की समस्या रखी जिसे प्राथमिकता देते हुए पूरा करने का आश्वाशन दिया गया।लौटते के क्रम में सराईपानी बड़ाईकटोली में 10-12 महिलाओं ने उपायुक्त महोदय का गाड़ी रुकवा कर पानी की विशेष समस्याओं से वहां अवगत कराया। महिलाओं ने उपायुक्त को बताया कि वर्तमान में सभी लोग कुआं और डाढ़ी का पानी पीते हैं। जो की एक महीना के अंदर अप्रैल तक सुख जाएगा। जलमीनार नहीं है। उपायुक्त ने वहां की सभी महिलाओं को भी जल्द ही पानी सुविधा बहाल करने की बात कहीं।

उपायुक्त द्वारा प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित कर्मियों संग मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया। बैठक में पंचायत अंतर्गत 15 वें वित्त के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिस पंचायत द्वारा टाइड एवं अनटाइड मद में योजनाओं का क्रियान्वयन में खराब प्रदर्शन है उसे एक सप्ताह के अंदर योजना लेते हुए राशि की खर्च करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन योजना, नडेप-सॉकफीट, दीदी बगिया योजना, बिरसा हरित ग्राम, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान पंचायत अंतर्गत 15 वें वित्त की राशि से गांव में पानी जैसे विशेष समस्याओं को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी, परिवहन पदाधिकारी श्री अमरेन्द्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी गण व कर्मी गण उपस्थित थे।